इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ

वर्ष- 43 | अंक -143 | राजनांदगांव, मंगलवार 09 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पहले चरण में 1625 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर, 28 प्रतिशत करोड़पति, 16 प्रतिशत दागी, सबसे अमीर कमलनाथ के पुत्र

नई दिल्ली। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट से पता चला है कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 1,625 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 16 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे हैं जिनपर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या करीब 28 प्रतिशत है। एडीआर ने यह रिपोर्ट 1,625 में से 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण कर जारी की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 राज्यों की 102 सीटों से 42 सीटें ऐसी हैं, जहां तीन या उससे ज्यादा उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 1,618 में से करीब 16 प्रतिशत यानी 252 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से भी करीब 10 प्रतिशत यानी 161 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर मामले दर्ज हैं। बता दें कि हत्या, किडनैपिंग जैसे अपराध गंभीर मामलों में शामिल होते हैं। वहीं, सात उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 18 उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं। इनमें से एक पर तो रेप का मामला भी दर्ज है। रिपोर्ट के मुताबिक 35 उम्मीदवारों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है।



करोड़पति उम्मीदवार

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पहले चरण में 28 प्रतिशत यानी 450 उम्मीदवार करोड़पति हैं। करोड़पति उम्मीदवारों के पास औसत संपत्ति 4.51 करोड़ रुपये है। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ जो छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। उन्होंने अपने पास 716 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति होने की बात एफिडेविट में बताई है। उनके बाद नाम आता है तमिलनाडु की इरोडे सीट से अन्नाद्रमुक के उम्मीद अशोक कुमार का, जिनके पास 662 करोड़ रुपये की संपत्ति है। तीसरे नंबर पर तमिलनाडु से बीजेपी प्रत्याशी देवनाथन यादव टी. का नाम है जो शिवगंगा सीट से बीजेपी उम्मीदवार बनाये गए हैं उनके पास 304 करोड़ की संपत्ति है।

बीजेपी के 28 तो कांग्रेस के 19 उम्मीदवार दागी

हमारे देश की राजनीति में दागियों और बाहुबलियों का हमेशा से बोलबाला रहा है। हर पार्टी ऐसे उम्मीदवारों को टिकट देती आई है। बिहार, उत्तर प्रदेश इस मामले में अन्य राज्यों से आगे रहा है। लालू प्रसाद यादव की आरजेडी ने पहले चरण में चार उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं और इन चारों पर ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। एमके स्टालिन की डीएमके ने 13, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने 3, ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2, सत्ताधारी बीजेपी ने 28 और कांग्रेस ने 19 ऐसे उम्मीदवार उतारे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से लालू यादव की राजद के 2, स्टालिन की डीएमके के 6, समाजवादी पार्टी के 2, टीएमसी के 5, भारतीय जनता पार्टी के 14, अन्नाद्रमुक के 6, कांग्रेस के 8 और बहुजन समाज पार्टी के 8 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की बात एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है।

'मोदी का सिर लाठी से फोड़ने की धमकी दे रहे हैं, मैं डरने वाला नहीं', बोले पीएम मोदी

जगलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर इन दिनों जमकर चुनावी रैली कर रहे हैं। रैलियों में पीएम मोदी विपक्षी दलों पर खूब हमला बोल रहे हैं। अब कांग्रेस नेता डॉ. चरण दास महंत के बयान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली से जवाब दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले अब नाराज होकर मोदी का सिर लाठी से फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊंचा करके चलता है। मोदी इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। यह बयान पीएम मोदी ने सोमवार विजय संकल्प शंखनाद रैली में दिया। दरअसल, भूपेश बघेल की नामांकन रैली में कांग्रेस नेता चरण दास महंत ने पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। विवाद बढ़ता देख कांग्रेस नेता ने बाद में माफी मांग ली थी।

मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊंचा करके चलता है

प्रधानमंत्री मोदी ने रैली में कहा, मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तबसे इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है, उनके खिलाफ तेजी से जांच चल रही है। अब नाराज होकर ये लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊंचा करके चलता है। मोदी इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है।

वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग मुझे बताएं जिन्होंने गरीबों को लूटा है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए या नहीं। अगर कोई घर में घुस आए और लूटपाट करने लगे तो परिवार का हर सदस्य उससे भिड़ जाता है। मोदी के लिए मेरा भारत ही मेरा परिवार है। मैं भी अपने देश और परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। और, इसलिए मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो क्या कहते हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

श्रीनगर में आतंकी हमला : शोपियां में दहशतगर्दों ने दिल्ली के ड्राइवर को मारी गोली, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेरा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर दहशतगर्दों ने नापाक हरकत को अंजाम दिया है। आतंकियों ने सोमवार को श्रीनगर के शोपियां में एक ड्राइवर को निशाना बनाकार गोली मार दी। घायल ड्राइवर दिल्ली का बताया जा रहा है।

वारदात को अंजाम देकर आतंकी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए घायल को श्रीनगर रेफर कर दिया। घटना के बाद से सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश की जा रही है।

शराब घोटाले पर बड़ी खबर : आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे समेत 6 को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस रद्द किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला मामले में ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। सोमवार को कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा समेत 6 आरोपियों को बड़ी राहत दे दी है। हालांकि, ईडी की ओर से कोर्ट में नई शिकायत दर्ज करने की मांग की गई थी। जिसमें कहा गया था कि, जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सामग्री है। इसलिए एजेंसी को नई शिकायत दर्ज करने की अनुमति दी जाए।

इस मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, ईसीआईआर और एफआईआर देखने से पता चलता है कि, कोई विधेय अपराध (प्रेडिकेट ऑफेंस) नहीं हुआ है। जब कोई आपराधिक धनराशि ही नहीं है, तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला ही नहीं बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि, ईडी की शिकायत आयकर अधिनियम के अपराध पर आधारित थी। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुईयां की डबल बेंच शुक्रवार को

रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा सहित अन्य 6 आरोपियों की याचिका पर सुनवाई की थी। जिसके बाद अगली सुनवाई 8 अप्रैल यानी आज हुई, जिसमें डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

सुप्रीम कोर्ट बोली- अपराध और उससे आय नहीं तो मनी लॉन्ड्रिंग नहीं

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसवी राजू से जस्टिस एएस ओका ने कहा कि, अगर कोई अपराध नहीं है और अपराध से कोई आय नहीं है। इसलिए ये मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हो सकता है। जिस पर कोर्ट ने कहा था कि, शिकायत पर विचार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह कोई विधेय अपराध नहीं है। जिस पर सालिसिटर जनरल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

टुटेजा पिता-पुत्र के साथ इन्हें मिली राहत

रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा के साथ करिश्मा ढेबर, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी और सिद्धार्थ सिंघानिया ने सह याचिकाकर्ता हैं। दरसअल, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और यश टुटेजा की गिरफ्तारी पर करीब 11 महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ताओं ने ईडी की कार्रवाई को गलत बताया था। उन्होंने कहा था कि, जिस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई करना चाह रही है, उसमें कोई ठोस बेस नहीं है। यानी ईडी ने यह नहीं बताया कि टुटेजा ने कैसे अवैध धन का उपार्जन किया और कैसे इसकी मनी लॉन्ड्रिंग की।

70 हजार विपक्षी नेताओं ने थामा बीजेपी का दामन, लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी ने किया बड़ा दावा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में 70 हजार लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ली है। चुनाव के ठीक पहले शुरू हुआ ज्वाइनिंग का सिलसिला लगातार चल रहा है। भाजपा ने विपक्षी खेमे में सेंध लगाते हुए पांच सौ से ज्यादा बड़े नेताओं को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई है। भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य ब्रज बहादुर उपाध्याय ने दावा किया कि कांग्रेस, सपा समेत अन्य दलों के करीब 70 हजार नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की है। उन्होंने बताया कि करीब 530 नेता राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय हैं।

ब्रज बहादुर उपाध्याय ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वालों में से सबसे अधिक लोग सपा और कांग्रेस के हैं और बाकी सामाजिक संगठनों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोग हैं। भाजपा ने दो माह पहले ज्वाइनिंग अभियान शुरू किया था, जिसमें विधानसभा से लेकर राज्य और राष्टीय स्तर के नेताओं को भाजपा के साथ लाने की रणनीति बनाई थी।

पार्टी ने यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को इसका अध्यक्ष बनाया। वहीं, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य और प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर को कमेटी में सदस्य बनाया गया। ब्रजबहादुर ने बताया कि बड़ी संख्या में पार्टी को विपक्षी दलों के नेताओं के आवेदन आए हैं। जिनकी लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। जिला, क्षेत्र और प्रदेश स्तर पर अनुमति के बाद उनको पार्टी में शामिल किया जा रहा है। पार्टी ज्वाइन करने वालों में जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, नगर पंचायत पार्षद, नगर पंचायत चेयरमैन, नगर पालिका अध्यक्ष, सभासद एवं बड़ी संख्या में नगर निगम पार्षदों, जिले और प्रदेश के पदाधिकारियों ने भी भाजपा ज्वाइन की है।

उन्होंने बताया कि अब तक 80 से ज्यादा पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। साथ ही बसपा के मौजूदा सांसद रितेश पांडेय, संगीता आजाद भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद राजेश मिश्र, पूर्व विधायक अजय कपूर, सपा के पूर्व सांसद देवेंद्र यादव, बसपा के पूर्व सांसद रहे वीर सिंह, बदायूं से सपा विधायक आशुतोष मौर्य की पत्नी सुषमा मौर्य, पूर्व डीजीपी विजय कुमार भी भाजपा के सदस्य बन चुके हैं।

राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोट देकर नौवां उम्मीदवार जिताने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी, राकेश पांडेय, आशुतोष मौर्य और पूजा पाल भी इंतजार में हैं। हाल ही में इनमें राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी को केंद्र सरकार ने वाई और मनोज पांडेय को वाई प्लस सुरक्षा भी दी है।

घोषणा पत्र पर मोदी की टिप्पणी से भड़के खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुरखों पर आजादी की लड़ाई में देश का नहीं, बल्कि अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ देने का आरोप लगाया।

श्री खडगे ने कहा कि श्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं और तरह-तरह का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया तथा मुस्लिम लीग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खि़लाफ़, अंग्रेज़ों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए 'कांग्रेस न्याय पत्र' के खि़लाफ़ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा 'मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में 'भारत छोड़ो' के दौरान महात्मा गांधी के आव्हान व मौलाना आज़ाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और एनडीएफपी में अपनी सरकार बनाई। क्या श्यामा प्रसाद मुख़र्जी ने तत्कालीन अंग्रेज़ी गवर्नर को ये नहीं लिखा कि 1942 के देश व कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वे अंग्रेज़ों का साथ देने के लिए तैयार है। मोदी-शाह व उनके मनोनीत अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहें हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालात इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कांग्रेस उम्मीदवार : रायबरेली से प्रियंका गांधी का नाम तय, अमेठी के लिए राहुल के साथ उभरे दो और नए नाम

लखनऊ। रायबरेली लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी को उतारा जाना लगभग तय है। अति विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, इसकी औपचारिक घोषणा होना भर ही शेष है। वहीं, अमेठी सीट पर अभी संशय बना हुआ है। यहां से राहुल गांधी और दीपक सिंह या विपक्ष के साझा प्रत्याशी के रूप में वरुण गांधी का नाम चल रहा है।

रायबरेली और अमेठी लोकसभा क्षेत्र गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है। रायबरेली से अभी सोनिया गांधी सांसद है, लेकिन वर्ष 2019 में भाजपा की स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के राहुल गांधी को हराकर अमेठी सीट छीन ली थी। सोनिया गांधी राज्यसभा सांसद बन चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक, रायबरेली सीट पर प्रियंका गांधी को ही उतारने का निर्णय लिया गया है।

कांग्रेसजन अमेठी से राहुल गांधी के लड़ने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, राहुल गांधी वहां से चुनाव लड़ने के ज्यादा इच्छुक नहीं बताए जा रहे हैं। यहां से पूर्व एमएलसी दीपक सिंह का नाम आगे चल रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि इंडिया खेमे में इस प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा कि पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी को विपक्ष के साझा प्रत्याशी के रूप में अमेठी से उतारा जाए। इस बार भाजपा ने पीलीभीत से उनका टिकट काट दिया है। हालांकि, बताते हैं कि वरुण गांधी पिछले कई दिनों से कोविड से पीड़ित हैं। इसलिए अंतिम निर्णय अभी नहीं लिया जा सका है। इस बारे में वरुण से संपर्क करने की कोशिश की गई, पर उनसे बात नहीं हो सकी।

यूपी में खामोशी से प्रचार की रणनीति पर विपक्ष

प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

शराब घोटाला : अनवर-अरविंद की बढ़ी मुश्किलें, 12 अप्रैल तक ईओडब्लयू और ईडी की हिरासत में भेजे गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार अनवर ढेबर और उनके सहयोगी अरविंद सिंह की मुश्किलें कम होने नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को स्पेशल कोर्ट ने दोनों को 12 अप्रैल तक ईओडब्लयू और ईडी की हिरासत भेज दिया है।

दोनों आरोपियों की रिमांड पूरी होने के बाद ब्यूरो ने उन्हें रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। जहां ब्यूरो ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट से उनकी रिमांड बढ़ाने की मांग की। जिसे कोर्ट द्वारा मंजूर कर लिया गया है और अब दोनों आरोपी 12 अप्रैल तक रिमांड में रहेंगे। आपको बता दें कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार में कथित तौर पर हुए तीन हजार करोड़ के शराब घोटाला में ईडी की

गिरफ्तारी के बाद से जेल बंद अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को एसीबी-ईओडब्ल्यू ने 4 दिन पहले गिरफ्तार किया था।

इन सवालों को लेकर ईडी ने दर्ज करायी एफआईआर

शराब घोटला का मास्टर माइंड कौन है और यह घोटाला कैसे हुआ। इसको लेकर ईडी शिकायत पर 68 लोगों के नाम पर एफआईआर दर्ज किया गया है. जिसमें उनकी क्या भूमिका है और शराब से कितनी कमाई हुई है। कितना हिस्सा किस अफसर और नेता को मिला है। इस पैसे को नेताओं और अफसरों ने कहां और कैसे निवेश किया। इन सभी प्रश्नों का जवाब एफआईआर में भी मौजूद हैं।

कवासी लखमा को मिलते थे 50 लाख रुपये महीने

ईडी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा 2020 में ढांड के यहां (शेष पृष्ठ 6 पर...)

इनके नाम हैं शामिल और बताई गयी है भूमिका

ईडी की सूचना के आधार पर ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर में अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी और अनवर ढेबर को शराब घोटाला का मास्टर माइंड बताया गया है। एफआईआर में शामिल बाकी आईएएस और अन्य सरकारी अफसर और लोग सहयोगी की भूमिका में थे। शराब घोटाला से होने वाली आमदनी का बड़ा हिस्सा इन्हीं तीनों को जाता था। टुटेजा आईएएस अफसर हैं, जब यह घोटाला हुआ तब वे वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव थे। दूरसंचार सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आए त्रिपाठी आबकारी विभाग के विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कार्पोरेशन के एमडी थे। वहीं, ढेबर कारोबारी हैं। एफआईआर के अनुसार ढेबर और टुटेजा ने मिलकर पूरी प्लानिंग की थी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक के बाद अब इस बैंक पर लगाया अंकुश, खातों से पैसे भी नहीं निकाल सकेंगे ग्राहक

मुंबई। पेटीएम पेमेंट बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का मामला अभी पूरी तरह ठंडा भी नहीं पड़ा है कि एक और बैंक पर आरबीआई ने सख्त कार्रवाई कर दी है। रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र स्थित शिरपुर मर्चेंट्स कोऑपरेटिव बैंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बैंक की बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने खातों से निकासी समेत कई सेवाओं पर सोमवार को अंकुश लगा दिया। इससे इस बैंक के ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि सोमवार का कारोबार बंद होने के बाद से यह सहकारी बैंक कोई भी नया कर्ज नहीं दे सकेगा और न ही यह कोई निवेश कर पाएगा। इसके साथ केंद्रीय बैंक की पूर्व-अनुमति के बगैर बैंक को अपनी संपत्ति या परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या निपटान की भी अनुमति नहीं होगी। रिजर्व बैंक ने कहा कि यह कदम शिरपुर मर्चेंट्स कोऑपरेटिव बैंक की मौजूदा वित्तीय स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। इसमें सभी बचत बैंक या चालू खातों या जमाकर्ता के किसी भी अन्य खाते में कुल शेष राशि से कोई राशि निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हालांकि, बैंक ग्राहक रिजर्व बैंक की इन शर्तों के तहत खाते में जमा अपनी राशि में से कर्ज का भुगतान कर सकेंगे।

आरबीआई ने कहा कि पात्र जमाकर्ता को जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि पाने का हक होगा। शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर आठ अप्रैल, 2024 को कारोबार बंद होने से लगे प्रतिबंध छह महीने तक लागू रहेंगे। हालांकि रिजर्व बैंक ने कहा कि इन निर्देशों को बैंक का लाइसेंस रद्द करने के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। उसने कहा कि बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक इन अंकुशों के साथ बैंकिंग कारोबार करना जारी रखेगा।

बम्लेश्वरी मंदिर में आज ज्योति कलश स्थापना के साथ होगा चैत्र नवरात्रि पर्व का शुभारंभ

ऊपर मंदिर में 6501, नीचे 901 व शीतला मंदिर में 61 ज्योत जलेंगे

डोंगरगढ़ (दाबा)। श्री गम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित मां सम्लेश्वरी देगी का चैत्र नवरात्रि पर्म का शुभारंभ आज ज्योति कलश स्थापना के साथ होगा। नवरात्र पर्व 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। ज्योति कलश की स्थापना 09 अप्रैल को नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में रात्रि 8.30 बजे एवं उपर मंदिर में 7.30 बजे से प्रारंभ होगी। पंचमी 13 अप्रैल को एवं सपानी 15 अप्रैल को उपर में नीचे मंदिर में विशेष काल रात्रि अभिषेकः मध्यरात्रि 11 बजे से 13.30 के मध्य, अष्टमी हगन 16 अप्रैल को उपर मंदिर में प्रातः 8 बजे तथा नीचे मंदिर न शीतला मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से प्रारंभ होगी।

ज्योति विसर्जन 17 अप्रैल को उपर मंदिर में प्रातः 4 बजे एवं नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में रात्री 8 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी उपर

मंदिर में 6501 ज्योति कलश नीचे मंदिर में 901 ज्योति कलश एवं शीतला माता मंदिर में 61 ज्योति कलश स्थापित किये जाएंगे। सेत्र नगरात्रि पर्व में ज्योति कलश एवं आजीवन ज्योती तन्तश की स्थापना जामशः उपर मंदिर 1100, नीचे मंदिर 2100 तथा आजीतन ज्योति कलश उपर मंदिर 41000 रुपये की राशि स्वीकार की जा रही है। टस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने बताया कि नवरात्रि पर्व में ज्योति स्थामना कराने याले श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि के लिए दुर्गा सप्तमती का पाठ शामण्डी हनन आदि गिद्वान पंडितों के द्वारा किया जाएगा।

दर्शनार्थियों को सुविधा प्रदान करने प्रशासन तैयारी में

जुटा दर्शनार्थियों को हर संभन सुनिधा प्रदान करने हेतु तैयारियां प्रारंभ है। नतरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के समसा विभागों के संयुक्त उपक्रम से दर्शनार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने में संपूर्ण जिला प्रशासन, स्थानीय प्रषासन, राजस्य विभाग, पुलिस विभाग, मातायात पुलिस विभाग, सशस्त्र पुलिस बल, विद्युत विभाग, स्वास्थय विभाग, नोवत्स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निमार्ण विभाग, नन विभाग, नगरपालिका परिषद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, दूरसंचार विभाग, दूरदर्शन विभाग, एसएफ के जवान, स्काउट के गाईडर्स, रोवर्स एवं रेंजर्स, विभि? समाजिक संस्थाओं व स्थानीय कार्यकर्ताओं का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है।

15 लाख से अधिक भक्तजन पहुंचेंगे माता के दरबार

चैत्र नवरात्रि पर्व में दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहती है। लगभग 15 लाख से अधिक दर्शनार्थियों के माता के दर्शन करने आने की संभावना है। नवरात्रि पर्व में भक्तों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं।

रक्षित केंद्र में एसपी गर्ग के द्वारा तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ

सिखाई जाएगी तीरंदाजी खेल की बारीकियां

राजनांदगांव (दावा)। शहर के जीई रोड स्थित पुलिस रक्षित केद्र में सोमवार को तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा किया गया।

बताया जा रहा है इस प्रशिक्षण कैम्प में इच्छुक बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार को प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कैम्प में शहर एवं ग्रामीण तथा पुलिस परिवार के बच्चे अधिक से अधिक संख्या में आकर निःशुल्क प्रशिक्षण कैंप का लाभ ले रहे हैं। प्रशिक्षण का समय- सुबह 6 से 9 बजे तक व शाम को 4.30 से 6.30 बजे तक रखा गया है। बताया जाता हैं कि एस पी मोहित गर्ग द्वारा शुभारंभ किए गए इस प्रशिक्षण कैंप में तीरंदाजी सीखने के इच्छुक बच्चों को प्रशिक्षण के साथ- साथ जरूरी संसाधन मुहैया कराई जा रही है वहीं अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा इच्छुक बच्चों को मुफ्त में तीरंदाजी के गुर सिखाए जाने की व्यवस्था की गई है।

तीरंदाजी को बढ़ावा देने व इससे जुड़े खिलाड़ियों के संवर्धन के लिए विगत वर्षो से राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसपी गर्ग ने कहा कि बच्चे खूब मेहनत और लगन से यह प्रशिक्षण ले। जिला एवं राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन करें बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम निरंतर बच्चों को जो भी सहयोग चाहिए मुहैया करवाते रहेंगे। इसी प्रकार पुलिस भर्ती आर्मी तथा अग्निवीर भर्ती के लिए राजनांदगांव पुलिस द्वारा निःशुल्क का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान रक्षित केंद्र राजनांदगांव निरीक्षक अरविंद साहू व पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी एवं प्रशिक्षणरत बच्चे उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

भूपेश बघेल के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर लिया नाम वापस-रमेश यादव

राजनंदगांव (दावा)। संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरने वाले रमेश यादव ने आज अपना नामांकन भूपेश बघेल जी के पक्ष में वापस लेते हुए कहा कि भाजपा धर्म जाति के नाम पर राजनीति करती है और यादव समाज के किसी भी किसी भी व्यक्ति को 11 लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के कारण एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में जो 5 वर्ष में कार्य हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई, किसान खुशहाल हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सजाया संवारा और ऐसी योजनाएं बनाई जिससे ग्रामीण एवं शहरी आम जनता खुशहाल हुई और सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करने वाले भूपेश बघेल जी के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी होने से क्षेत्र की जनता जहां प्रसन्न है वही भाजपा के निष्क्रिय सांसद संतोष पांडे के खिलाफ में मतदान कर भूपेश बघेल जी जैसे मजबूत व्यक्तित्व को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की कमान सौपने को तत्पर है उनकी तत्परता को देखते हुए मैंने लोकसभा चुनाव के लिए जो प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था उसे भूपेश बघेल जी के पक्ष में वापस लेते हुए अपने समर्थकों एवं आम जनता से यह अपील करता हूं कि भाजपा की अदूरदर्शिता के कारण उन सब से मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें एवं राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भूपेश बघेल जी को भारी मतों से विजयश्री दिलाए।

समर क्लासेस शुरु

राजनांदगांव (दावा)। बाजार चौक, बसंतपुर स्थित जीत कोचिंग क्लासेस द्वारा निःशुल्क समर क्लास का आयोजन किया गया है। जिसमें नर्सरी से कक्षा 10 वीं तक के विद्यार्थी को बेसिक मैथ्स, बेसिक इंग्लिश, बेसिक कम्प्यूटर, ड्राईंग टेकनिक तथा टाईम मैनेजमेंट की शिक्षा प्रदान की जायेगी।

मतदान दलों कों दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

मोहला (दावा)। गत दिवस 7 अप्रैल कों स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला एवं शा.कन्या माध्यमिक विद्यालय मोहला में दो पालियों में लोकसभा निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1,2,3 एवं सेक्टर अधिकारीयों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशिक्षणार्थियों से निर्वाचन प्रशिक्षण की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले, परियोजना निर्देशक नोडल प्रशिक्षण हेमंत ठाकुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ.हेमेंद्र भुआर्य एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने मतदान दल के अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण सभी 34 विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स धर्मेंद्र सारस्वत, अजय तिवारी और सईद कुरैशी के मार्गदर्शन में दिया गया।

कोष्टी हल्बा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह- हितेश गोन्नाडे

पुरूष एवं महिला दोनों की रही भागीदारी

राजनांदगांव (दावा)। कोष्टी (हल्बा) समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष हितेश गोन्नाडे द्वारा समाज के संरक्षकगण की उपस्थिति में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मिलकर होली मिलन समारोह छत्तीसगढ़ मांगलिक भवन रामनगर में मनाया गया।

समाज के अध्यक्ष हितेश गोन्नाडे सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुवात की उसके बाद सभी सामाजिक सदस्यों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान समाज के संरक्षक टोलीराम हेड़ाऊ, नत्थुलाल हेड़ाऊ, गोपाल कुंभारे, छोटे लाल हेडाऊ, विजय सोनकुसरे, खेमचन्द नंदनवार, प्रेमनाथ डेकाटे, समाज के उपाध्यक्ष सन्तोष(रूपा) पराते, लखीराम पराते, राजेश नन्दनवार, मनोज डेकाटे, अतुल निपाने, तुलाराम नन्दनवार, संतोष रंभाड़, महामन्त्री राकेश डेकाटे, कोषाध्यक्ष उमेश डेकाटे, सह कोषाध्यक्ष बाबूलाल, मिडिया प्रभारी दिनेश डेकाटे, दिलीप पात्रे, महेंद्र हेड़ाऊ, अनिल सोरते, योगेश राजू कुंभारे, नेतराम लिमजे,प्रमोद गोन्नाडे, राहुल डेकाटे, राहुल उमरेडकर, देवेंद्र डेकाटे, जितेंद्र उमरेडकर, दिनेश हेड़ाऊ, शुभम उमरेडकर, राकेश गेन्दू हेड़ाऊ, विकेश नन्दनवार, कमलेश कुंभारे, किशोर गोन्नाडे, विकाश बारापात्रे, खोमेश कुमार, भूषण निन्नावे, उमेश निन्नावे, आकाश निखारे, राकेश बारापात्रे, सुधीर डेकाटे, अजय खड्गी, राम पराते, सोनू पराते, मधु पराते, सोनू हेड़ाऊ, विकेश नन्दनवार दीपक गोन्नाडे, नितिन गोन्नाडे, महिला मंडल मंजू नन्दनवार, मीरा डेकाटे, कुणाली नन्दनवार, कीर्ति उमरेडकर, संगीता उमरेडकर, मिना उमरेडकर, सुनीता कुंभारे, सोनम कुंभारे, कविता उमरेडकर, आशा पराते, रूखमणी डेकाटे, शिला हेड़ाऊ, सुशीला डेकाटे, आशा डेकाटे, सविता बोकडे, शशिकला बारापात्रे, सुशीला पराते, कल्पना हेड़ाऊ, उर्मिला डेकाटे, प्रीति निखारे, गीता गोन्नाडे, वैशाली डेकाटे, मेघा निन्नावे, मंजू निन्नावे, तेजस्वी डेकाटे, रत्ना निपाने सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी दिनेश डेकाटे ने दी।

चिखली में संत रामपाल महाराज का सत्संग समारोह

राजनांदगांव (दावा)। महाराज के सानिध्य में उनके अनुयायियों द्वारा विशाल सत्संग का आयोजन रखा गया। जिसमें संत रामपाल महाराज के सत्संग में बहुत संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सत्संग में सर्वधर्मो के धार्मिक ग्रंथ जैसे श्रीमद भगवद् गीता, चार वेद, अठारह पुराण को खोलकर प्रमाण सहित बताया गया कि पूर्ण परमात्मा कौन है कहां रहता है और किस विधि से प्राप्त किया जा सकता है। संत रामपाल महाराज का उद्देश्य विश्व को सत भक्ति देकर मोक्ष प्रदान कराना, समाज से जाति-पाति के भेद भाव को दूर करना, दहेज मुक्त विवाह उन्मूलन समय-समय पर रक्तदान शिविर एवं देहदान का आयोजन भी करवाया जाता है समाज में शांति व भाईचारा स्थापित करना, सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने स्वच्छ समाज तैयार करना तथा भ्रष्टाचार को खत्म करना है।

गायत्री विद्यापीठ में विश्व स्वास्थ्य दिवस मना

राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 1 से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों में उचित खान-पान, जीवन शैली आदि की प्रभावी जानकारी दी गई। इसमें सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई के साथ-साथ नेत्रों एवं नाखून की जांच की गई।

साथ ही मौसमी फलों का सेवन, उससे होने वाले लाभ के साथ मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए गए। विद्यालय की स्वास्थ्य कर्मी श्रीमती अनुपा साहू ने बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों ने भी उक्त आयोजन में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाते हुए रक्तचाप एवं वजन की जाँच करवाई। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उद्देश्य को ध्यान में रखकर आयोजित कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका श्रीमती वसुधा लड्ढा एवं श्रीमती दिव्या राठौर के मार्गदर्शन में शानदार रहा।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर अमित उत्तलवार, शाला की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे एवं शिक्षक वृंद द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

धर्म एवं तुष्टीकरण की राजनीति कांग्रेस का स्थायी चरित्र-भाजपा मीडिया सेल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा मीडिया ने कतिपय समाचार पत्रों में भाजपाईयों पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाने संबंधित समाचार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, मीडिया सेल ने कहा की धर्म एवं तुष्टिकारण की राजनीति करना कांग्रेस का प्रारंभ से ही स्थाई चरित्र रहा हैं, कांग्रेस की शिकायत में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे पर सनातन धर्म एवं हिन्दुत्व की बातें कर भाईचारा मे शत्रुता फैलाने का आरोप लगाया गया हैं, उनके इस आरोप की खिल्ली उड़ाते हुए मीडिया सेल ने कहा की जिनकी राजनीति ही तुष्टिकारण पर आधारित हो वे सनातन व हिन्दुत्व की विराट विचारधारा को कभी नहीं समझ पाएंगे।

पूरे संसार में सनातन धर्म ही वसुधैव कुटुंबकम की बात करता हैं और विश्व कल्याण की भावना रखता हैं, ऐसे सनातन धर्म व हिन्दुत्व को भाईचारे का दुशमन बताना, यह कांग्रेस व उनके नेताओं की मानसिक दुर्बलता को प्रदर्शित करता है। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया एवं अमर लालवानी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल हिन्दुत्व का अपमान करेंगे तो भाजपा चुपचाप नहीं बैठेगी। उन्हे इसका करारा जवाब दिया गया हैं, और आगे भी दिया जाता रहेगा। 'विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लग रहा' जब इस तरह से सनातन के अपमान की कोशिश होगी तो स्वाभाविक इसका मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

हकीकत यह हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल खुद चर्च एवं मस्जिदों में जाकर वोट मांग रहें हैं, क्या यही भाईचारा हैं। कांग्रेस प्रारंभ से ही तुष्टिकरण की राजनीति करते आई हैं, इनके तुष्टीकरण का परिणाम ही है, की देश का विभाजन हुआ, कश्मीर में धारा 370 लगी, कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़कर शरणार्थी शिविरों में रहने विवश होना पड़ा, एक देश में दो विधान व दो निशान की रचना हुई थी, चुनाव में लीगी राजनीति से गठबंधन इनके सोच को उजागर करता हैं। जिस हिन्दुत्व को ये भाईचारे के लिए खतरा बता रहें हैं, देश के भगवा आतंक की बात करने वाले लोग भूल जाते हैं की पूरी दुनिया में हिन्दुत्व एक ऐसी विचारधारा है, जो सर्वधर्म समभाव व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता हैं, जो कांग्रेस के नजरिए से सांप्रदायिक हैं, यही इनकी विचारधारा का नैतिक पतन हैं।

पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण की तिथि में किया गया संशोधन

बालोद (दावा)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 12 एवं 13 अप्रैल को आयोजित पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन करते हुए उसे अब 15 एवं 16 अप्रैल को आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि संशोधित आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बालोद में 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शासकीय आनंद पब्लिक स्कूल डौण्डीलोहारा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बटेरा में 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर में 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20240309210023-अ/6 (अ)-वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालेश्वर पिता गिरवर जाति तेली, निवासी ग्राम ठेकवा, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया है कि आवेदक के नाम से ग्राम ठेकवा में कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.745 हे. भूमि स्थित है। जिसके ऑनलाईन रिकार्ड में मेरा नाम बाकेश्वर दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है जबकि वास्तविक व सही नाम बालेश्वर है जो कि मेरे नाम से पंजीकृत आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त खाते के ऑनलाईन रिकार्ड में मेरा नाम गलत दर्ज होने के कारण मुझे कृषि कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। उक्त खाते के ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज मेरे नाम बाकेश्वर को संशोधन कर बालेश्वर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन बी-1, आधार कार्ड तलवाना की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन **दिनांक 13/04/2024** के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज **दिनांक 27/03/2024** को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

गांव-गांव में स्वसहायता समूह की महिलाएं शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को कर रही जागरुक

12 हजार से अधिक महिलाओं ने लिया वोट वचन का शपथ

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं है। महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम शिवनीकला, घोटिया, धारा, आलीवारा, सलटिकरी, धोबेदंड, अलकन्हार, हाथीकन्हार, चिल्हाटी, हालमकोड़ो, दनगढ़, गैंदाटोला, विचारपुर, जोशीलमती, अछोली, जंगलपुर, कंगलूटोला, कु. भाठागांव, रूपाकाठी, पेंड्रीकला, आल्हानवागांव, बोगाटोला, कोकपुर, आसरा, माथलडबरी, बरगांव, चांदो, बड़भूम, नवागांव, चिचोला, तोतलभर्री, सहसपुर सहित 100 से अधिक ग्रामों में अब तक लगभग 12 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया है और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है।

महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रहीं है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम संत कुमार वर्मा पिता गुहाराम वर्मा है व मेरा जन्मतिथि 28/02/1986 है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पैन कार्ड में दर्ज है, केवल बजाज एलायंस लाईफ इंश्योरेंस की पालिसी क्रं. 0181896025 में मेरा नाम सामी कुमार वर्मा दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जिसे विलोपित कर मेरा नाम आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पैन कार्ड अनुसार दर्ज करें दोनों ही नाम सामी कुमार वर्मा व संत कुमार वर्मा एक ही व्यक्ति है।

सूचना जाने.....

संत कुमार वर्मा
आ. गुहाराम वर्मा
ग्राम-गुमानपुर
जिला-के.सी.जी. (छ.ग.)

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-7
347-4 338-4
राजधानी
3-5-8
680-4 238-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति
मेरी मां कर्मा
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th To 11th April 2024
silver SCREEN

Crew - 03:00, 06:30 & 09:00 pm
Godzilla x Kong The New Empire - 12:30, 03:30 & 09:30 pm
Shaitaan - 12:00 and 06:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

पिछड़े एवं आदिवासी संस्कृति का पुर्नरुत्थान मोदी जी ने किया है - संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे आज दूरस्थ वनवासी ग्राम खड़गांव एवं औंधी क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम बोरिया, दिघवाडी, वासडी, घोटिया, धोदरी, भरींटोला, कहड़बरी, नेड़गांव, जबकसा, कदाड़ी, सीतागांव एवं आंधी पहुंचे। सभी गांव में सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे एवं भाजपा के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल था। ग्रामीणों ने उत्साहित स्वर में इस बार 400 पार के नारे लगाए। उनके ऊपर फूलो की वर्षा की गई। अनेक स्थानों पर आयोजित सभाओं में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत पर पिछड़े एवं आदिवासी नागरिकों का उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पूरे क्षेत्र में जितनी भी सड़क बनाई गई हैं और दूरस्थ छोटे-छोटे गांव में हर घर के बाहर जो नल लगा है, वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण हुआ है, यह योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के तहत मोदी सरकार की देन है। पांडे ने लोगों को बताया कि भाजपा गांव की मूलभूत समस्याओं को दूर करना चाहती है, छोटे-छोटे गरीब लोगों का भला करना चाहती है, इसलिए घर-घर में उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर भेजकर, मुफ्त में अनाज भेजकर एवं प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से पक्के मकान बनाकर, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीबों का बड़े-बड़े अस्पताल में इलाज करने की सुविधा भाजपा शासन काल में ही संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी वोट की राजनीति नहीं करती, वह गरीब आदमी के जीवन के स्तर को ऊपर उठाना चाहती है, इसीलिए पिछड़े होने के कारण इस क्षेत्र का कायाकल्प बदलने का कार्य केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने किया है। इस क्षेत्र को सिक्सलेन के माध्यम से हैदराबाद तक जोड़ना और विकास की किरण को ग्रामीण परिवेश में उतारने का कार्य भाजपा ने किया है। श्री पांडे ने कहा कि पुल पुलिया एवं किसानों को कृषि पंप की मूलभूत सुविधाएं मानपुर मोहला में भाजपा शासनकाल में ही मिल सकी है, जिसके कारण यहां पनपने वाले नक्सलवाद की धार कमजोर हुई है। पिछले 15 वर्षों के डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र में

नल-जल योजना मोदी जी की देन है

सर्वाधिक विकास के कार्य हुए। उन्होंने कहा कि विगत कांग्रेस के 5 वर्षों में भ्रष्टाचार के कीर्तिमान बनाने वाली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास को रोक दिया था इसी कारण छत्तीसगढ़ की जनता ने ऐसी निकम्मी सरकार को यहाँ से उखाड़ फेंका, अब प्रदेश में सरकार गंवाने के बाद लोकसभा चुनाव मे प्रत्याशी के रूप में भूपेश बघेल राजनांदगांव में आए है। संतोष पांडे ने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता एवं अपने स्वयं के कार्यकर्ताओं के कार्य नहीं होने दिए। इसलिए अब भूपेश बघेल को भी ऐसे हराना है, जिससे कि वो दोबारा राजनांदगांव की तरफ देख भी न सके। श्री पांडे ने पिछली कांग्रेस सरकार को लूट और घोटाले की सरकार बताते हुए कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराध एवं भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। 36 वादे में एक भी वादे पूरे नहीं हुए। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया।

महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है। उनके इस कृत्यों को देखते हुए राजनांदगांव लोकसभा की जनता ने उसे भगाने के लिए पूरी तरह से कमर कस लिया है। कांग्रेस को फिर से मजा चखाना है। पांडे ने कहा कि हमारी सरकार में मोदी की गारंटी का सारा काम सांय-सांय हो रहा है और लोकसभा चुनाव के बाद भी सांय-सांय होगा । भाजपा के सुशासन को देखकर कांग्रेस का बाय-बाय होने जा रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है, जिससे उनके नेता उलूल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत भी प्रधानमंत्री पर कुछ भी अशोभनीय टिप्पणी कर रहे हैं। ये सब कांग्रेस में हार की हताशा को बताता है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जबकसा, सीतागांव में आयोजित बड़ी सभा को संबोधित करते हुए पांडे ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 3 महीने 25 दिन उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों का 2 साल का बकाया बोनस दिया। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है।

श्री पांडे ने कहा कि ये चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, इसलिए आप सभी से आग्रह करने आया हूं कि आगामी 26 अप्रैल को कमल छाप पर बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर बैठाएं। ध्आप सभी से जीत का आशीर्वाद मांगने आया हूँ। जनसम्पर्क के दौरान मोहला-मानपुर-चौकी जिला भाजपाध्यक्ष मदन साहू व जिला महामंत्री नम्रता सिंह सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रॉयल किड्स कान्वेंट में परीक्षा परिणाम घोषित

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट (आई. सी. एस. ई बोर्ड) एवं डॉ. जे बी. सिंह मेमोरियल स्कूल (सी. बी. एस. ई. बोर्ड) में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर विद्यालय में बच्चों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़े हर्ष और उत्सुकता के साथ शामिल हुए और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह उपाध्यक्ष अशोक चौधरी एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य मधुसूदन नायर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की

बच्चों को फेलिसिटेशन कैप पहनाकर किया अभिनंदन

प्रतिमा में माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात पापाजी स्वर्गीय श्री लाल शंकर बहादुर सिंह और शाला के संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह सर की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

विद्यालय में कक्षा नर्सरी से नवमी तथा ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए द्य हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा में 90 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को फेलिसिटेशन कैप पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर चारों ओर हर्ष और उल्लास का माहौल बना हुआ था, सभी बच्चे और अभिभावक काफी खुश और संतुष्ट नजर आ रहे थे। रॉयल किड्स कान्वेंट शाला परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद देता है। संस्था में विशेष छूट के साथ प्रवेश प्रारंभ है अभिभावकों से अनुरोध है कि वे इस छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

आज से गायत्री मंदिर में नवरात्र प्रारंभ, विधि-विधान से होगी ज्योति प्रज्ज्वलन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में आज 9 अप्रेल चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से नौ दिन तक मंदिर में जप-तप, पूजा-आराधना, मंत्रजाप, साधना उपासना का माहौल बना रहेगा। आज मंगलवार को वेदमाता गायत्री के नाम से मंदिर में विधि-विधान के साथ ज्योति प्रज्ज्वलन किया जाएगा। इस दौरान समस्त गायत्री उपासकों व हिंदू धर्मावलंबियों की उपस्थिति बनी रहेगी। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य 'ट्रस्टी' सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि अखिल भारतीय गायत्री परिवार-हरिद्वार से निर्देश प्राप्त हो गया है कि गायत्री शक्तिपीठ में दोनों नवरात्रि अवसर पर वेदमाता गायत्री की शान में ज्योतिकलश स्थापना तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ज्योति प्रज्वलित कर नौ दिनों तक मातारानी की पूजा अर्चना व सेवा की जाए। इससे साधकों को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई

ओमप्रकाश ने बताया कि नवरात्रि पर्व से पहले आसपास के गांव-देहात क्षेत्रों में गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा व दीप महायज्ञ की

गांवों में पांच कुंडीय यज्ञ सहित दीप महायज्ञ की बिखर रही छटा

छटा बिखेरी हुई है, जिसमें बड़ी संख्या में मां गायत्री के भक्त व श्रद्धालु जन भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि निकटस्थ ग्राम रामपुर में शनिवार की शाम गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप महायज्ञ किया गया तत्पश्चात अगले दिन रविवार को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आहूति प्रदान की। ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता चैतराम साहू वह मंगलराम साहू को माध्यम से आयोजित उक्त यज्ञीय आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ के पुरोहित सुखनंदन, नृपाराम, ब्रह्मानंद, सुखमनी आदि द्वारा विधि-विधान के साथ यज्ञायोजन संपन्न किया। इससे गांव में चहुंओर यज्ञ की सुगंधित धूम बिखरी रही जिससे वातावरण स्निग्ध हो उठा जो प्रकृति सहित मानव चेतना को परिष्कार करने वाला सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के नौ-दिनों तक गायत्री शक्तिपीठ में जप तप व शक्ति पूजा उपासना ध्यान-साधना का माहौल बना रहेगा। उक्त अनुष्ठानिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने व वेदमाता गायत्री की कृपा प्राप्त करने के लिए समस्त धार्मिक श्रद्धालु जनों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

सनातन धर्म महासभा द्वारा हिन्दु नववर्ष पर शोभायात्रा में देशभक्ति व राष्ट्रीयता से जुड़ती नजर आएगी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र विक्रम संवत 2081 हम सबके हिन्दु नववर्ष के शुभ अवसर पर बालाजी मंदिर गंज लाइन से दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाकने बताया कि उक्त शोभायात्रा में विशेष रूप से शोभायात्रा को राष्ट्रीयता व देशभक्ति से जोड़ते हुए जिसने मुख्य रूप से भारत माता व झाँसी की रानी बालवीर हनुमान आदिवासी नृत्य थाप नृत्य बैण्ड व धुमाल पार्टी, डी.जे. के साथ मधुर भजन मंडली व भगवान हनुमान जी की भव्य झाँकी के साथ शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी। उक्त शोभायात्रा बालाजी मंदिर गंजलाइन से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तिरंगा चौक रामाधीन मार्ग, सुरजन गली होते हुए कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, सदर बाजार होते हुए जैन श्वेताम्बर मंदिर होते हुए रामदेव बाबा मंदिर होकर वापस बालाजी मंदिर पहुंचेगी। जहाँ भगवान हनुमान जी को

आज निकलेगी बालाजी मंदिर गंज लाईन से शोभायात्रा

भोग लगाकर प्रसादी की जावेगी। सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार के छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, राकेश इन्द्रभूषण ठाकुर, राकेश ठाकुर, कमल साहू, प्रियंक सोनी, सौरभ खंडेलवाल, मिथलेश शर्मा, हरिश गांधी, संजय बहादुर, पवन डागा, मनोज बैद, संतोष हुंका, महेश अग्रवाल (भूत), बिसेन अग्रवाल, नागेश यदु, महिला मंडल के मौसमी शर्मा, सुष्मा सिंह, ममता सोनी, अनुराधा लोहिया, ममता शर्मा, पायल शर्मा, रंजना शर्मा, मीना पाण्डेय, रोशनी रायचा ने शहर के सभी सनातन प्रेमियों सर्व हिन्दु समाज व शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने समाज व सभी धार्मिक हिन्दु संगठनों की बैठक लेकर दिनांक 09 अप्रैल को दोपहर 2.00 बजे बालाजी मंदिर गंजलाइन की उक्त शोभा यात्रा में तिलक लगाकर पूरे परिवार व ईष्ट मित्रों सहित पहुंचकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते हुए हम सबके अपने सनातन धर्म को आगे बढ़ाकर हिन्दु एकता का परिचय देवें। उपरोक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

आज गायत्री गुरुकुल का भव्य शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शहर के दिल्ली दरवाजा (सुभाष द्वार) समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ के तल भाग में आज चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के दिन आधुनिक साज-सज्जा के साथ शिक्षण संस्थान गायत्री गुरूकूल का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता युगांतर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुशील कोठारी द्वारा की जाएगी।

कामठी लाईन रोड स्थित इस गायत्री गुरूकुल में हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर शुभारंभ होने के साथ ही बच्चों का प्रवेश प्रारंभ है। जिसमें प्री-नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित की जाएगी, जिसमें शुभारंभ के साथ बच्चों का विधि-विधान के साथ प्रथम दिवस विद्यारंभ संस्कार करवाया जाएगा।

उक्त स्कूल में बच्चों को वैदिक संस्कृति सहित आधुनिक तरीके से भी शिक्षा प्रदान किया जाएगा। यहां प्री-नर्सरी- नर्सरी व केजी वन तथा के जी-टू की शिक्षण सुविधा है। इस शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सौरभ महोबे (रेनोवेनेड पेडीएट्रीशियन) व डॉ. विक्रम बैद (रेनोवेनेड पेडीएट्रीशियन) उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम का समय मंगलवार 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे निर्धारित है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों एवं पालकों से अधिक से अधिक संख्या में समय पर उपस्थिति की अपील की गई है।

युगांतर राज्य स्तरीय सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय

राजनांदगाँव (दावा)। भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अक्षय पात्र सेक्टर-6 भिलाई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में अपनी नृत्य प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

विद्यालय की वर्णिका तिवारी, जिज्ञासा सिंह, ख्याति पटेल, शीतल महापात्रा, जान्वी जैन, प्राची एक्का महाभारत की थीम पर शानदार सेमी क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बच्चों ने द्रौपदी चीरहरण के प्रसंग में श्री कृष्ण द्वारा द्रौपदी के लिए चीर बढ़ाकर मदद करने के दृश्य को प्रभावकारी रूपों में प्रस्तुत किया। नृत्य विभाग की शिक्षिका अमीषा सोनी के मार्गदर्शन में इन बच्चों ने राज्य स्तर पर युगांतर का परचम लहराया।

बाफना निवास पहुंचे भूपेश बघेल...

राजनांदगांव(दावा)। पूर्व सीएम व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल रविवार को जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद बाफना के गंजलाइन स्थित निवास पहुंचे। बाफना परिवार ने श्री बघेल का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के बाद श्री बघेल ने श्री बाफना से चुनावी चर्चा की।

सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

- सभी राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप करें कार्य
- द्वितीय रेंडमाईजेशन 15 अप्रैल को, 18 अप्रैल को मशीनों की कमिशनिंग
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई आदर्श आचार संहिता की जानकारी

राजनांदगांव(दावा)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार, व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। राजनीतिक दलों द्वारा अधिकृत एजेंट रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान जरूर उपस्थित रहें। डाक मतपत्र के माध्यम से 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान करने के दौरान सूचना दी जाएगी। टीम के साथ राजनीतिक दलों के अधिकृत एजेंट अवश्य जाएं तथा स्ट्रांग रूम में सीलिंग की प्रक्रिया के दौरान जरूर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना मिलने पर जरूर उपस्थित रहें।

पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप भय मुक्त वातावरण में नागरिक मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तथा अन्य स्थानों में मतदाताओं को किसी प्रकार की धमकी, अवैध सामग्री का वितरण, अभ्यर्थी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुददों के संबंध में सूचना प्रदान करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने कहा।

व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से एक पृथक बैंक खाता रखना अनिवार्य है। निर्वाचन के दौरान सभी प्रकार के व्यय इसी खाते से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थी 95 लाख रूपए से अधिक व्यय नहीं कर सकते हैं। इस दौरान खाते के सत्य प्रतिलिपि को भी प्रस्तुत करना है। लेखा पंजी की जांच अभ्यर्थी को लेखा दल से कराना है। 12 अप्रैल, 18 अप्रैल एवं 23 अप्रैल 2024 को इसके लिए नियत किया गया है। इन तिथियों में अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता लेखा पंजी के साथ कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव में लेखा दल के समक्ष उपस्थित होकर लेखा जांच कराएंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्य किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत कुल 15 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा। ईव्हीएम व वीवीपैट एवं मतदान सामग्री का वितरण 25 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 7 बजे से संबंधित जिले के विधानसभा हेतु नियत स्थल पर किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा एवं निर्वाचन से संबंधित किसी भी बात के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। सभी राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन करें तथा नियमों के दायरे में रहते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंटों को इस संबंध में सूचना प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य श्रेणी अंतर्गत पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की गई है। भारत निर्वाचन आयोग से स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को डाकमत पत्र की सुविधा प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि किसी तरह का खतरा होने पर अभ्यर्थी को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के दौरान, नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जहां सुरक्षा की ज्यादा जरूरत हो, वहां समय के पहले बताएं, ताकि सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल की व्यवस्था की जा सके। सभी मतदाता निर्भीक रहें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर जरूर जानकारी प्रदान करें।उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतदान के बाद वितरण स्थल पर ही नियत काउण्टर पर मतदान सामग्री जमा की जाएगी। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से विधानसभावार नियत गणना स्थल पर मतगणना की जाएगी। कबीरधाम जिले में आदर्श कृषि उपज मंडी समिति तालपुर कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग पिपरिया खैरागढ़, राजनांदगांव जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग बसंतपुर कैम्प राजनांदगांव तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में शासकीय लाल श्याम साह कॉलेज मोहला को स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग सेंटर बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम का प्रथम रेण्डामाईजेशन 27 मार्च 2024 को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया और विधानसभावार चयनित मशीनों की सूची उन्हें प्रदाय किया गया है। ईव्हीएम का द्वितीय रेण्डामाईजेशन 15 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में अभ्यर्थियों की उपस्थित में प्रेक्षक के समक्ष रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया जाकर मतदान केन्द्रवार चयनित मशीनों की सूची अभ्यर्थियों को प्रदाय किया जायेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव स्थित स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम व वीवीपैट को जमाने का काम 16 अप्रैल 2024 को किया जायेगा। मशीनों की कमीशनिंग 18 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से की जायेगी।

अनमोल दावा

"अपनी पीड़ा के लिए संसार को दोष मत दो अपने मन को समझाओ क्योंकि तुम्हारे मन परिवर्तन ही तुम्हारे दुखों का अंत है।

मतदान का फीसद बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य

कम मतदान की समस्या से चिंतित निर्वाचन आयोग ने इस बार के आम चुनाव में देश के ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की दो सौ छियासठ सीटों की पहचान की है, जहां पिछले आम चुनाव में मतदान का फीसद राष्ट्रीय औसत यानी 67.40 से भी कम रहा था।

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिस तरह बढ़-चढ़ कर प्रचार-प्रसार किया जाता है, उससे यही लगता है कि ज्यादातर लोग मतदान करने निकलेंगे। मगर हर बार मतदान का आंक?ा बहुत उत्साहजनक नहीं रहता है। कई इलाकों में तो कुल मतदाताओं का आधा भी मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचता है।

ऐसे में डाले गए मतों के आधार पर ही किसी सीट पर उम्मीदवारों की जीत और हार का फैसला होता है। जबकि संभव है कि मतदान का फीसद ऊंचा हो तो उसमें नतीजों का स्वरूप कुछ और सामने आए। हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से भी मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन ये सारी कवायदें जमीन पर उतरती नहीं दिखती हैं। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से यह एक चिंताजनक स्थिति है।

कम मतदान की समस्या से चिंतित निर्वाचन आयोग ने इस बार के आम चुनाव में देश के ग्यारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की दो सौ छियासठ सीटों की पहचान की है, जहां पिछले आम चुनाव में मतदान का फीसद राष्ट्रीय औसत यानी 67.40 से भी कम रहा था। इन सीटों में दो सौ पंद्रह ग्रामीण और इक्यावन शहरी संसदीय क्षेत्र शामिल हैं।

अब आयोग ने खासकर इन सीटों पर मतदान के फीसद में बढ़ोतरी की कोशिशें तेज कर दी हैं। यों देश भर में अगर सिर्फ दो तिहाई मतदाता अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर पाते हैं, तो यह कोई आदर्श स्थिति नहीं है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि लोकसभा की लगभग आधी सीटों पर इससे भी कम मतदान होता है।

समझा जा सकता है कि उन इलाकों में जीतने वाले उम्मीदवार कितने लोगों की नुमाइंदगी करते होंगे। लोकतंत्र में मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूकता में कमी या अन्य वजहों से अगर इतनी बड़ी तादाद में मतदाता चुनाव प्रक्रिया से बाहर रह जाते हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि शासन के ढांचे में कुल कितनी आबादी की भागीदारी है। ऐसी स्थिति में मतदान का फीसद बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं, लेकिन इसका वास्तविक नतीजा भी जमीन पर भी दिखना चाहिए।

सामयिक चर्चा

सलाह के आड़े आता है अंहकार

खबर पढ़ कर, बानी बोले-''गजाधर!!
पालिटिकल स्ट्रेटजिस्ट प्रशान्त किशोर ने
न्यूज एजेंसी पीटीआई के जरिए
राहुल गांधी को अच्छी सलाह दी है,
जो हमें भी ठीक लगी है।
वह यही कि 2024 लोकसभा चुनाव में अगर
उम्मीद के अनुसार नतीजे नहीं मिले?
तो उन्हें (राहुल गांधी को) राजनीति से
ब्रेक लेने पर विचार करना चाहिए।''
गजाधर! कहिए पीके की सलाह पर
आपको क्या कहना चाहिए?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
एक सामान्य सिद्धांत की बातें यही कहती है
कि एक की सलाह, दूसरे को अच्छी नहीं लगती है।
फिर नेता को तो....
अब राहुल गांधी को ही लो!
और फिर राहुल गांधी नेता नहीं,
हाई प्रोफाईल नेता हैं यार!
तो उनका, वर्षों का संचित अहंकार
कैसे कर लेगा, ऐसी सलाह को स्वीकार?''

- गिरीश बख्शी

नववर्ष कब और क्यों

अशोक लोहिया

01 जनवरी 2024 के स्थान पर विक्रम संवत 2081, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 09 अप्रैल 2024, मंगलवार को नववर्ष मनाये जाने के तर्कसंगत विषय को जन - जन तक पहुंचाने में सहायक बने - नव संवत्सर विक्रम संवत 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिनांक 09 अप्रैल 2024, मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। यही हमारा नया वर्ष है, इसे धूमधाम से मनाए - हम बताते है भारतीय नववर्ष की विशेषता -ग्रंथो में लिखा है कि जिस दिन सृष्टि का चक्र प्रथम बार विधाता ने प्रवर्तित किया, उस दिन चैत्र शुदी एकम था। हमारे लिए आने वाला संवत्सर 2081, बहुत ही भाग्यशाली होगा। सुदी एवं शुक्ल पक्ष एक ही है।

चैत्र के महीने के शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि (प्रतिपद या प्रतिपदा) को सृष्टि का आरंभ हुआ था। हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होता है। इस दिन ग्रह और नक्षत्र मे परिवर्तन होता है। हिन्दी महीने की शुरूआत इसी दिन से होती है।

पेड़-पोधों मे फूल, मंजर, कली इसी समय आना शुरू होते है, वातावरण मे एक नया उल्लास होता है जो मन को आह्लादित कर देता है। जीवो में धर्म के प्रति आस्था बढ़ जाती है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। भगवान विष्णु जी का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। नवरात्री की शुरुआत इसी दिन से होती है। जिसमे हमलोग उपवास एवं पवित्र रह कर नव वर्ष की शुरूआत करते है।

परम पुरूष अपनी प्रकृति से मिलने जब आता है तो सदा चैत्र में ही आता है। इसीलिए सारी सृष्टि सबसे ज्यादा चैत्र में ही महक रही होती है। वैष्णव दर्शन में चैत्र मास भगवान नारायण का ही रूप है। चैत्र का आध्यात्मिक स्वरूप इतना उन्नत है कि इसने वैकुंठ में बसने वाले ईश्वर को भी धरती पर उतार दिया। न शीत न ग्रीष्म । पूरा पावन काल। से समय में सूर्य की चमकती किरणों की साक्षी में चरित्र और धर्म धरती पर स्वयं श्रीराम रूप धारण कर उतर आए, श्रीराम का अवतार चैत्र शुक्ल नवमी को होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि के ठीक नवे दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। आर्य समाज की स्थापना इसी दिन हुई थी। भगवान झूलेलाल जी का जन्म इसी दिन हुआ था। यह दिन कल्प, सृष्टि, युगादि का प्रारंभिक दिन है । संसारव्यापी निर्मलता और कोमलता के बीच प्रकट होता है, हमारा अपना नया साल ''विक्रम संवत्सर''।

विक्रम संवत का संबंध हमारे कालचक्र से ही नहीं, बल्कि हमारे सुदीर्घ साहित्य और जीवन जीने की विविधता से भी है। कहीं धूल-धक्कड़ नहीं, कुत्सित कीच नहीं, बाहर-भीतर जमीन-आसमान सर्वत्र स्नानोपरांत मन जैसी शुद्धता। पता नहीं किस महामना ऋषि ने चैत्र के इस दिव्य भाव को समझा होगा और किसान को सबसे ज्यादा सुहाती इस चैत्र मे ही काल की शुरूआत मानी होगी।

चैत्र मास का वैदिक नाम है - मधु मास । मधु मास अर्थात आनंद बांटती वसंत का मास। यह वसंत आ तो जाता है फाल्गुन में ही, पर पूरी तरह से व्यक्त होता है चैत्र में। सारी वनस्पति और सृष्टि प्रस्फुटित होती है, पके मीठे अन्न के दानों में, आम की मन को लुभाती खुशबू में, गणगौर पूजती कन्याओं और सुहागिन नारियों के हाथ की हरी-हरी दूब में तथा वसंतदूत कोयल की गूंजती स्वर लहरी में।चारों ओर पकी फसल का दर्शन, आत्मबल और उत्साह को जन्म देता है। खेतों में हलचल, फसलों की कटाई, हंसिए का मंगलमय खर-खर करता स्वर और खेतों में डांट-डपट-मजाक करती आवाजें। जरा दृष्टि फैलाइए, भारत के आभा मंडल के चारों ओर, चैत्र क्या आया मानो खेतों में हंसी-खुशी की रैनक छा गई।

नई फसल घर मे आने का समय भी यही है । इस समय प्रकृति मे उष्णता बढ़ने लगती है, जिससे पेड़ - पौधे, जीव-जन्तु मे नव जीवन आ जाता है। लोग इतने मदमस्त हो जाते है कि आनंद में मंगलमय गीत गुनगुनाने लगते है। गौर और गणेश कि पूजा भी इसी दिन से तीन दिन तक राजस्थान मे की जाती है।

चैत शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन सूर्योदय के समय जो वार होता है वह ही वर्ष में संवत्सर का राजा कहा जाता है, मेषार्क प्रवेश के दिन जो वार होता है वही संवत्सर का मंत्री होता है इस दिन सूर्य मेष राशि मे होता है। जो भी व्यक्ति इस लेख से संतुष्ट है, इसे अधिक से अधिक लोगो के बीच शेयर करे और देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए।

चैत शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाने का संकल्प ले। इस वर्ष 09 अप्रैल 2024, मंगलवार, को हिन्दू नववर्ष आ रहा है। सभी तैयारी प्रारम्भ कर देवे।

कुछ मित्र दिसंबर माह में ही नव वर्ष की अग्रिम शुभकामना की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देते है।

इस परिप्रेक्ष्य मे मैं आप सबके समक्ष राष्ट्र कवि श्रद्धेय रामधारी सिंह '' दिनकर'' जी की कविता प्रस्तुत कर रहा हूँ।अपना नववर्ष विक्रम संवत 2081, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 09 अप्रैल 2024, मंगलवार से प्रारंभ होगाहमारा नववर्ष 1 जनवरी से शुरू नहीं होता।।

01 जनवरी के संदर्भ में

ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं
है अपना ये त्यौहार नहीं
है अपनी ये तो रीत नहीं
है अपना ये व्यवहार नहीं
धरा ठिठुरती है सर्दी से
आकाश में कोहरा गहरा है
बाग़ बाज़ारों की सरहद पर
सर्द हवा का पहरा है
सूना है प्रकृति का आँगन
कुछ रंग नहीं, उमंग नहीं
हर कोई है घर में दुबका हुआ
नव वर्ष का ये कोई ढंग नहीं
चंद मास अभी इंतज़ार करो
निज मन में तनिक विचार करो
नये साल नया कुछ हो तो सही
क्यों नक़ल में सारी अक्ल बही
उल्लास मंद है जन-मन का
आयी है अभी बहार नहीं
ये नव वर्ष हमे स्वीकार नहीं
है अपना ये त्यौहार नहीं
ये धुंध कुहासा छंटने दो
रातों का राज्य सिमटने दो
प्रकृति का रूप निखरने दो
फागुन का रंग बिखरने दो
प्रकृति दुल्हन का रूप धार
जब स्नेह - सुधा बरसायेगी
शस्य - श्यामला धरती माता
घर - घर खुशहाली लायेगी
तब चैत्र शुक्ल की प्रथम तिथि
नव वर्ष मनाया जायेगा
आर्यावर्त की पुण्य भूमि पर
जय गान सुनाया जायेगा
युक्ति - प्रमाण से स्वयंसिद्ध
नव वर्ष हमारा हो प्रसिद्ध
आर्यों की कीर्ति सदा -सदा
नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
अनमोल विरासत के धनिकों को
चाहिये कोई उधार नहीं
ये नव वर्ष हमे स्वीकार नहीं
है अपना ये त्यौहार नहीं
है अपनी ये तो रीत नहीं
है अपना ये त्यौहार नहीं

जागो देशवासियों - जगाओ जन जन को प्रांतीय

उपाध्यक्ष- सरस्वती साहित्य प्रचार समिति छत्तीसगढ़ (विद्या भारती, छत्तीसगढ़ से संबद्ध)
अध्यक्ष- सत्यनारायण मंदिर समिति ट्रस्ट,
संरक्षक - श्याम परिवार मित्र मंडल, राजनांदगांव,
कोषाध्यक्ष - रामायण संघ ट्रस्ट,
कोषाध्यक्ष - जिला ग्राम भारती, राजनांदगांव (सरस्वती शिशु मंदिर) सदस्य
- छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन,
- सरस्वती शिक्षा संस्थान, छत्तीसगढ़,
- श्याम भरोसे परिवार,
- श्री श्याम के दीवाने परिवार

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 114 : श्री राम ने उठाया विष्णु- धनुष, मुनि को हुआ श्री राम का ज्ञान

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम परशुराम जी के निकट पहुंचे और उनके हाथ का शारंग धनुष अपने हाथ में ले लिया। श्री राम ने यह इतनी सहजता से किया कि परशुराम जी चकित हो गए। उन्हें यह अनुमान नहीं था कि श्री राम इतनी आसानी से इसे उठा लेंगे। श्री राम स्वयं भगवान विष्णु के अवतार हैं। श्री राम ने न केवल धनुष अपने हाथ में लिया, बल्कि अपने तूणीर से एक बाण निकाला और उसे अपने धनुष पर रखा।

आजानबाहु श्री राम ने बड़ी कुशलता के साथ भगवान विष्णु के धनुष का संचालन किया। यह अमोघ बाण अब प्रक्षेपास्त्र की तरह इससे छूटने के लिए तैयार है। परशुराम ने देखा तो उन्हें यह अनुभूति हुई कि स्वयं भगवान विष्णु ने इस धनुष को धारण किया हुआ है। श्री राम का दिव्य रूप..स्वयं श्री हरि विष्णु के समरूप..। परशुराम जी समझ गए कि अब त्रेता युग में उनकी भूमिका पूर्ण हो चुकी है और उनका स्थान दशरथ पुत्र श्री राम ने ले लिया है।

श्री राम अब तक परशुराम जी को यही समझाने का प्रयत्न कर रहे थे कि यह शिव

धनुष अनायास टूटा है और इसमें भगवान शिव का अपमान करने की बात नहीं थी। लक्ष्मण जी भी यही समझाना चाहते थे, लेकिन उनके तर्क बाणों की तरह ही पैने और नुकीले थे, वहीं श्री राम के वचन शीतलजल के समान मृदु। इतना ही नहीं, मुनि परशुराम ने श्री राम और लक्ष्मण जी की वीरता पर प्रश्न चिन्ह लगाए। अनजाने ही उन्होंने एक तरह से श्री हरि विष्णु को ही उनका सारंग धनुष सौंप कर द्वंद्व की चुनौती दे दी थी।

श्री राम ने कहा, ''हे मुनिवर! यह बाण अमोघ है। यह वैष्णव धनुष है। स्वयं आपने ही इस धनुष पर बाण चढ़ाने के लिए कहा है।''

परशुराम जी ने हाथ जोड़ते हुए कहा, ''मुझे क्षमा करें श्री राम! मैं आपको पहले पहचान नहीं पाया। आप स्वयं श्री हरि विष्णु हैं। मुझे यह भी ज्ञात है कि यह बाण अमोघ है और अब यह आपके तूणीर में वापस नहीं लौटेगा। एक योद्धा होने के नाते मैं आपसे यह कहूंगा भी नहीं। मैं कोई छूट नहीं चाहता हूं और अगर आप यह बाण मुझ पर छोड़ते हैं तो मैं इसे सहर्ष सहन कर लूंगा।''

श्री राम ने कहा, ''हे मुनि परशुराम! मेरे मन में आपके प्रति अभी भी सम्मान भाव है। लेकिन इस धनुष को हाथ में लेने और इस पर बाण चढ़ाने के बाद अब किसी लक्ष्य पर इसका संधान करना आवश्यक हो गया है। आप कृपया मुझे यह बताएं कि यह बाण किस पर छोड़ूं।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

कविता

गुलाब की आत्मकथा

मैं गुलाब अपनी कहानी कह रहा हूं
एक छोटी सी कलम, मैं पैलोथीन की थैली मिट्टी में लगता हूं
फिर सुव्यवस्थित, गमले में जाता हूं, नियंगत जल मिलता है
मुझे समय-समय पर, खाद, मिट्टी की उलट फेर की जाती है।
अब शनैःशनैः मेरे कलियों का विकास होने लगता है,
मैं काटों के साथ बढ़ रहा हूं, घबराता नहीं
मैं तो प्रकृति के साथ, विश्वास से बढ़ रहा हूं
गुलाब प्रेमी मेरा रोज ख्याल, देखभाल करते हैं।
मेरे गमले, मेरे बगीचे की देखरेख माली करते हैं।
अब मेरे टहनियों में मेरा शैशवावस्था दिखाई देने लगता है,
घर मालिक/माली सतर्कतापूर्वक मेरी विकास होने देते हैं,
एक तरव्वी में लिखा होता है, पुष्प ना तोड़ें।
देखो। मैं घर और बगीचे, की शोभा बढ़ा रहा हूँ
प्रकृति ने मुझे वन सति के रूप में, कई रंग दिये हैं,
लोग मेरे लाल, गुलाबी, पीला, हरा सफेद रंग देखकर
कितने खुश होते हैं, मैं कितना खुशनसीब हूँ।
किसी को खुश करना, बहुत ही कठिन है,
किन्तु उदासी मन भी, मेरे खिले के सामने
हो जाते हैं सकारात्मक, चेहरे प्रसंन्न चित्त,
फिर कान्फ्रेंस एवं समारोहों में,।
मेरे पुष्पों से मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ से
किया जाता है स्वागत, मैं कितना सम्मान पाता हूँ
यह मेरा परम सौभाग्य, मैं स्मारकों पर भी चढ़ाया जाता हूँ
मेरा उपयोग बच्चें, किशोर, प्रौढ़ सभी करते हैं।
मैं अमर जवान शहीदों के स्मारक पर भी चढ़ाया जाता हूँ
यही मेरी अंतिम इच्छा होती है।

देवेन्द्र महोबे खैरागढ़

मुरझाती नहीं है बेटियां

विजय मिश्रा 'अमित', रायपुर

पूरी दुनियां में भारत देश ही एक अकेला ऐसा देश है, जहां की एक वर्ष में दो बार नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। क्वांर और चैत्र के माह में नौ-नौ दिन तक मां दुर्गा के नव रूपों की पूजा की जाती है। इस पर्व को छत्तीसगढ़ में भी धूमधाम से मनाने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जहां की डोंगरी-पहाड़, खेत-खार, तालाब-नदियों के किनारे घने जंगलों के बीच दंतेश्वरी,बम्बेलश्वरी, महामाया, सतबहनिया, चंडी माई, मरही माता, शीतला माता, बंजारी, बिलई, चंद्रहासिनी माता, अंगारमोती जैसे अनेक नामों से माताश्री के मंदिर हैं। इसीलिए समुचे देश में यह एक ऐसा अकेला राज्य जहां के निवासी छत्तीसगढ़ को महतारी कहते हैं।

इस पर्व में ''कन्या भोजन'' कराने का प्राचीन रिवाज है,दरअसल कुंवारी कन्याओं को देवी के रूप में पूजने की प्रथा है। कहा जाता है कि 'बेटी खाएगी उसे देवी पाएगी। इसी मान्यता के परिपालन में नवरात्रि पर्व पर देवी भक्त नव कन्याओं को विविध पकवान फल खिलाते हैं। कन्याओं का चरण धोकर, चरण छू कर उन्हें अपनी श्रद्धा भक्ति सामर्थ के मुताबिक भेंट देकर आशीष मांगते हैं।

विछोह की वेदना भूल जाती हैं बेटियां

बेटी जो जन्म के बीस पच्चीस बरस मायके में बिताती है। ए सुनते सुनते कि बेटियां तो पराया धन होती हैं, दुर्भाग्य है कि विवाह उपरांत उन्ही बेटियों को ससुराल में भी जीवन भर पराया कहा जाता है। स्मरण कीजिए एक पौधे को मिट्टी से गमले में या गमले से मिट्टी में जब रोपा जाता है तो वह स्थान परिवर्तन की पीड़ा में मुरझा जाता है। वहीं बीस पच्चीस वर्षों तक मायके में पली बढ़ी बेटियां अपनी मिट्टी,अपना घर-परिवार, गांव- शहर अपनी सखी सहेलियों को छोड़कर समस्त पुराने रिश्तों के विछोह की वेदना को भूलाकर सदा सदा के लिए ससुराल में जा बसती है।वहां भी अगर बेटी को माता-पिता की थोड़ी भी अकुशलता का समाचार मिलता है तो वह मायके जाने को मछली की भांति तड़फ उठती है। हमारे वेद पुराण इतिहास, और चिंतक चीख चीख कर बता रहे हैं कि बेटों की तूलना में बेटियां कम ज्ञानी नहीं होती। हमारे हरेक पर्व हमारी परम्पराएं बेटियों पर केंद्रित हैं। बेटियों की घटती संख्या के कारण समाज में अनेक रिश्ते-नाते, त्योहार समाप्त प्राय हो चलें है। इस विषय पर गंभीर चिंतन मनन करने नवरात्रि पर्व फिर आया हैइस पर्व पर देवी की पूजा में लीन देवी भक्तों से यही कहना है कि रोते बिलखते परिवार को बिटिया हंसा देती है। इसीलिए वे देवी की वरदान होती हैं, अतः बेटियों का मान देवियों के मानिंद ही रखें। इसी में जगत की भलाई है। ऐसे ही भावनाओं की अभिव्यक्ति कविश्री ने दिल को छू लेने वाली पंक्तियों में व्यक्त किया है -- हल्दी-कुमकुम,मेंहदी-सिंदूर का अवतार न होता न होती बहिन-बेटियां तो रक्षाबंधन-भाईदूज तीज का त्यौहार न होता।

जीती-जागती देवी हैं बेटी

आजकल बदलते वक्त के साथ इस प्राचीन परंपरा में बड़ी विकृति दिखाई दे रही है। समाज में बेटी- बेटा के मध्य बड़ा ही भेदभाव का बोल बाला दिखाई दे रहा है। बेटे होने की खुशी में जश्न मनाते हैं, किंतु जब बेटी जन्म लेती है तो ज्यादातर लोगों का मुंह ऐसे लटक जाता है, जैसे उन्हें सांप ने सुंघ लिया हो। ऐसी भयावह घटना भी सामने आ रही है कि आधुनिकता के साथ चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति का दुरुपयोग करते हुए अनेक चिकित्सक और दम्पत्ति मिलकर कोख में पल रही कन्या भ्रूण की निर्मम हत्या कर दे रहे है। ऐसी क्रूरतापूर्ण हरकत करते समय इंसान भूल जाता है कि घर में आती हुई लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की जघन्य हत्या करके महापाप का भागीदार अपने ही हाथों अपने सिर मोल ले रहा है। ऐसे घृणित कृत्य को करने वाला इंसान ईमानदारी से अपने हृदय में हाथ रखकर अपनी आत्मा से पूछे कि ''कन्या भ्रुण हत्या'' करने वाले मनुष्य की पूजा का मान क्या मां दुर्गा स्वीकार करेगी? इस सवाल का सीधा-सीधा उत्तर है कभी नहीं।इसी तरह अनेक परिवारों में कम दहेज देने वाली दुल्हन को प्रताड़ित किया जाता है। उसे जलाकर मार डालने जैसा अकल्पनीय कृत्य किया जाता है। अनेक गांव में नारी जाति को डायन -टोनही कह कर मारा-पीटा जाता है। ऐसी नासमझी और मूर्खतापूर्ण कदम उठाने वालों को यह सोचना चाहिए कि ऐसा करके वे लोग गांव घर की जीवित देवी का घोर अपमान कर रहे हैं। ऐसे ही कई अज्ञानी लोग अपना पाप धोने के लिए वर्ष में केवल दो बार नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या भोजन करवातें हैं। वे भूल जाते हैं कि घर परिवार की जीती जागती देवी का तिरस्कार करने वाले दुर्जनों को मां दुर्गा कभी भी क्षमा नहीं करेगी। हमारे समाज में कई ऐसी घटनाएं भी उजागर हुई हैं जब बेटों ने माता पिता की जमीन जायदाद को बांट लियाऔर फिर मुंह फेर लिया। इसके विपरीत फुटी कौड़ी की आस किए बिना भी बेटियों ने अपने माता-पिता के दुख दर्द को अपना दुख दर्द समझा। बेटियों की ऐसी महिमा को व्यक्त करते कविश्री ने लिखा है कि-

फूल सी नाजुक होती है बेटियां,
स्पर्श हो खुरदुरा तो रोती है बेटियां
रौशन करेगा बेटा तो एक ही कुल को,
पर दो दो कुल की लाज को सवांरती है बेटियां।

राशिफल

मेष
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार का तनाव लेने की जरूरत नहीं है।

वृषभ
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।

मिथुन
आज का दिन आपके लिए ठीक- ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। और जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें।

कर्क
आज आपके दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा।

सिंह
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता- पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें।

कन्या
आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच- विचार करेंगे।

तुला
कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठण्डे दिमाग़ से सोचेने की जरूरत है , परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मागेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जायेंगे।

वृश्चिक
आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगें बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। परिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े- बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बड़ा मुनाफा होगा।

धनु
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगें। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है।

मकर
आज का दिन आपके लिए ठीक- ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनको आज अच्छे ग्राहक मिलेगे। आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आयेगी और आप एक मजबूत भावना के साथ पेशेवर दौड़ में खुद को आगे पाएंगे।

कुंभ
आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है।

मीन
आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों कीप्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जायेंगे।

मॉ बम्लेश्वरी मेले में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि में 9 दिनों तक डोंगरगढ़ में आयोजित रहने वाले मां बम्लेश्वरी के मेले के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 800 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त जवान अगले 9 दिनों तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे।

बताया जाता है कि डोंगरगढ़ मेले के दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्थ में 20 चारपहिया वाहन पेट्रोलिंग, 15 मोटर सायकल पेट्रोलिंग पार्टी, 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती ?की गई है। वहीं डोंगरगढ़ मेले में ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए कुल 300 बल तैनात रहेंगे। इसी तरह डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

बताया जाता है कि नीचे मंदिर से उपर मंदिर तक एवं विभिन्न चौक चौराहों में फिक्स पिकेट बल का भी तैनात किया गया है। यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु ऊपर मंदिर गर्भगृह,रोपवे नीचे एवं ऊपर,ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था तथा क्षीरपानी में प्रवेश द्वार से ड्रापगेट एवं रोपवे तक,व गोताखोर पार्टी, के अलावा बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

नौ दिनों तक नवरात्रि मेले की रहेगी धूम

बता दें कि सोमवार 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ में नवरात्रि मेले की धूम रहेगी। चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

एसपी मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में तैनात जवानों को किया गया ब्रीफ ड्यूटी का किया गया वितरण

इस अवसर पर डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में श्री बी.पी.राजभानू, सेनानी 08 वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर से नीचे मॉ बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, उपसेनानी 7 वीं वाहिनी छसबल भिलाई मीता पवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, उप पुलिस अधीक्षक अजाक तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप पुलिस अधीक्षक पीटीएस अंजली ऐरेवार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल सेल राज. अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक दुर्ग एलेक्जेण्डर किरो, उप पुलिस अधीक्षक बेमेतरा कौशिल्या साहू, सहायक सेनानी 08 वीं वाहिनी राजनांदगांव हरीश टोण्डर, उप पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत पाटिल, सहायक सेनानी 3 वीं वाहिनी छसबल अमलेश्वर अनिता सागर, सहायक सेनानी 14 वीं वाहिनी बालोद अजीत सिंह यादव, उप पुलिस अधी0 रायगढ़ अनामिका जैन, उप पुलिसअधीक्षक कोरिया जे.पी. भारतेन्दु, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव नवीन एक्का एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 9 अभ्यर्थी मैदान में, प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह आबंटित

बालोद, 08 अप्रैल (आरएनएस)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र-11 (अजजा) के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्क्रूटनी के उपरांत कुल 09 अभ्यर्थी अंतिम रूप से निर्वाचन में हिस्सा लेंगे। कलेक्टर कांकेर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के द्वारा नामों की घोषणा के साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से श्री तिलक राम मरकाम को हाथी, श्री बीरेश ठाकुर को हाथ और श्री भोजराज नाग को कमल का प्रतीक चिन्ह आबंटित हुआ है। इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों में से सर्वश्री जीवन लाल मातलाम को तुरहा बजाता आदमी, थाकेश माहला को बाँसुरी, भोजराम मण्डावी को नारियल फर्म, विनोद नागवंशी को बाल्टी, सुकचंद नेताम को आरी और सोनसिंह को प्रतीक चिन्ह के तौर पर कोट का सिम्बॉल आबंटित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 28 मार्च से नामनिर्देशन पत्र वितरित किया गया जिसकी अंतिम तिथि 04 अप्रैल निर्धारित की गई थी। तदुपरांत 05 अप्रैल को प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा किए जाने के बाद कुल 09 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। कांकेर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान होगा तथा प्राप्त मतों की गणना मंगलवार 04 जून को की जाएगी।

पहला कॉलम...

भोलापुर में सत्संग संपन्न

छुरिया (दावा)। जिला राजनांदगांव छुरिया क्षेत्र के ग्राम भोलापुर संत रामपाल महाराज के सानिध्य में उनके अनुयायियों द्वारा विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें संत रामपाल महाराज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सत्संग में सर्वधर्मो के धार्मिक ग्रंथ जैसे श्रीमद भगवद्गीता, चार वेद, अठारह पुराण को खोलकर प्रमाण सहित बताया गया कि पूर्ण परमात्मा कौन है और किस विधि से प्राप्त किया जा सकता है।

सत्संग में उपस्थित जिला संयोजक ओमप्रकाश दास ब्लॉक संयोजक विष्णुदास, अगरदास व लगभग 250 संगत उपस्थित थे। संत रामपाल महाराज का उद्देश्य विश्व को सत भक्ति देकर मोक्ष प्रदान करना, समाज से जाति-पाति के भेद को दूर करना, दहेज रूपी कुरीति को जड़ से खत्म करना, समाज में शांति व भाईचारा स्थापित करना, सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने स्वच्छ समाज तैयार करना तथा भ्रष्टाचार को खत्म करना है।

मतदान दलों कों दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

मोहला (दावा)। गत दिवस 7 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला एवं शा.कन्या माध्यमिक विद्यालय मोहला में दो पालियों में लोकसभा निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1,2,3 एवं सेक्टर अधिकारीयों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशिक्षणार्थियों से निर्वाचन प्रशिक्षण की तैयारी एवं ईडीसी/पीबी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले, परियोजना निर्देशक नोडल प्रशिक्षण हेमंत ठाकुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ.हेमेंद्र भुआर्य एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने मतदान दल के अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण सभी 34 विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स धर्मेंद्र सारस्वत, अजय तिवारी और सईद कुरैशी के मार्गदर्शन में दिया गया।

मानपुर में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसपी यशपाल सिंह के मार्गदर्शन में मानपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत फ्लेगमार्च, रैली, शपथ कार्यक्रम किया गया। जिसमें एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, एसडीओपी, तहसीलदार मोहला श्रीमती रीना मरकाम, सीईओ जनपद मोहम्मद हनीश खान, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी बीएमओ, बीईओ, सहित एनआरएलएम की टीम, आईसीडीएस की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम व पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कु. कविता का चयन

डोंगरगांव (दावा)। शहर से लगे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहड़ विकासखंड डोंगरगांव के कक्षा 11वीं की छात्रा कु. कविता का चयन राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है, इसके पूर्व अक्टूबर माह में जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कविता ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रास कंट्री दौड़ में अपना स्थान बनाया था और अब राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिहार में 6 से 8 अप्रैल तक आयोजित खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस प्रतियोगिता हेतु संस्था प्राचार्य टी.आर.नागवंशी, जी.माहला, श्री आँचले, आर.आर.देवांगन, भुपेश यदु सहित समस्त स्टाफ एवं जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने प्रतियोगिता में सफल होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

कार्यकर्ता अपना बूथ जिताकर पुनः मोदी सरकार लाने कमरकस के तैयार है - गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू खुज्जी विधानसभा के प्रत्येक बूथ में जाकर अपना बूथ सबसे मजबूत की कल्पना को साकार करने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही है।

जिसके अंतर्गत खुज्जी विधानसभा के ग्राम मक्के , तिरपेमेटा, रेंगाकठेरा, जरहाटोला, सिंघाभेड़ी, जंतरगुंडरा, रैनूटोला, राजाटोला, आमाटोला, बिटाल मे कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बैठक लेते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का लक्ष्य अबकी बार 400 पार एवं केंद्र में पुन= मोदी सरकार बनाने एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय श्री दिलाकर मोदी जी के हाथों को और मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाई गई की किस प्रकार से अपने बूथ को मजबूत कर विजय श्री हासिल कर सके।जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि पुन = मोदी सरकार लाने कार्यकर्ता अपना बूथ जिताने कमरकस के तैयार है, निरंतर बूथ कार्यकर्ताओं को संपर्क करते हुए घर-घर जाकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित कर रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने ली बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

बूथ स्तरीय बैठक मे मुख्य रूप से राजनांदगाव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, राजेश सिंघी वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रीमती कमलेश सारस्वात, भारत भूषण राजपूत, कुंजलता हरमुख, लता मंडावी, मदन साहू, दिलीप साहू, ईश्वरी धुर्वे, डालसिंग साहू, एकलव्य साहू, माया बाजपेई, श्यामा बाई निवरे सहित बूथ कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

मां बम्लेश्वरी शांति उद्यान में योग शिविर-प्रतिदिन सीखेंगे योग के गुर

डोंगरगांव (दावा)। शहर के मां बम्लेश्वरी शांति उद्यान में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को किया गया, शिविर में योग गुरु बाबा रामदेव के परम शिष्य राज्य प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव ने राजनांदगांव जिला प्रवास के दौरान अपनी गरिमामय उपस्थिति दी और उनके सानिध्य में डोंगरगांव शहर व ग्रामीण क्षेत्र से उपस्थित योग साधक महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों को प्राणायाम, योग जॉगिंग एवं विभिन्न आसनों के माध्यम से योग के गुण सिखाए गए, इस आयोजन के बाद प्रति दिवस प्रातः 6 बजे से योग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका लाभ शहरवासी ले रहे हैं।

साथ ही योग प्राणायाम के पश्चात समीक्षा बैठक लेकर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से तहसील इकाई के लिए विभिन्न समिति का गठन भी किया, जिसमें भारत स्वाभिमान न्यास प्रभारी साधुराम साहू, पतंजलि योग समिति प्रभारी गिरीश सोनी, पतंजलि युवा भारत प्रभारी शशिकांत बोरकर एवं सहप्रभारी राजा राजपूत, किसान सेवा समिति प्रभारी राकेश रत्नाकर, सोशल मीडिया प्रभारी के.एल.मंडावी एवं सहप्रभारी लक्ष्य कुमार साहू यज्ञ प्रभारी युगल किशोर ठाकुर तथा महिला प्रभारी सरिता साहू महिला महामंत्री अखिलेश्वरी साहू संगठन मंत्री, पायल कोठारी, जय यादव, राशि रत्नाकर साथ ही महिला संरक्षक के रूप में इंदु साहू का चयन कर सभी तहसील प्रभारी के कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बतलाया गया।

शांति उद्यान में नियमित योग कक्षा संचालन के लिए प्रेरित किया गया, स्वामी जी ने आगे कहा कि हमें मानव एवं समाज हित में निरंतर सेवा भाव से उत्प्रोत रहना होगा, हर किसी के सुख-दुख में खड़ा होना पड़ेगा। तभी हमारा जीवन सार्थक होगा इसलिए हमें योग प्राणायाम को हर घर पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। साथ ही यज्ञ का भी महत्व प्रतिवादित करते हुए दोपहर में 2 घंटे योग साधकों के साथ यज्ञ हवन किया गया, उक्त कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी पंचूराम साहू एवं महामंत्री अलखराम साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज की बैठक रामपुर में संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के राज्य कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के पश्चात प्रथम राज्य स्तरीय बैठक रविवार दिनांक 7 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक रायपुर लोधी भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोची, अंकेक्षक विमल पटेल वेके अतिरिक सभी जिलों से आए प्रदेश पदाधिकारियों, सभी जिला अध्यक्ष, संरक्षणगण, उपाध्यक्ष, सचिव, संगठन सचिव, प्रचार सचिव एवं कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में एजेंडा के अनुसार सभी विषयों पर परस्पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष के साथ साथ सभी प्रबुद्ध जनों में अपने अपने विचार व्यक्त विल्या तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से बलिदान दिवस कार्यक्रम की समीक्षा की गई, सामाजिक जनगणना करवाने हेतु फार्म के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया, बैठक में समाज सामाजिक संगठन के नए पंजीयन के लिए राज्य स्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया, पंजीयन से संबंधित एवं अन्य विषयों के लिए पत्राचार हेतु सचिन के के सिगौर की

सामाजिक गतिशीलता से होगा समाज का विकास-विष्णु लोधी

अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किया गया, मनोनीत पदाधिकारियों से निर्धारित धुल्क प्राप्ति हेतु जिला अध्यक्षों द्वारा प्रयास किया जाएगा, जिला कबीरधाम के सर्किल चुनाव शीर्ष कराने का निर्णय हुआ, निरंतर तीन बैठकों में अकारण अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों की सदस्यता समाप्त करने के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन रायपुर जिला लोधी समाज के अध्यक्ष अधीन जंघेल के द्वारा किया गया।

प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने बलिदान दिवस का लेखा प्रस्तुत करते हुए कहा परिवर्तन को स्वीकारना ही हमें गतिशील बना सकता है। हम समय की ऐसी गाड़ी के साथ-साथ चल रहे हैं, जिसमें रुकने का मतलब पिछड़ जाना होत्व है। जीवन के सफर का वास्तविक आनंद हग तभी उठा सकते हैं, जब हुन समय के साथ चलें, पुराने स्टेशनों (जड़ रीति-रिवाजों और पुरानी अवधारणाओं को छोड़ते जाएं और नए स्टेशनों (समय के अनुकूल नवीनता) को अपनाते जाए। परिवर्तन शाश्वत है। समय के साथ किसी भी वस्तु, विमग और विचार में भिन्नता आती है। मौसम बदलते हैं। मनुष्य की स्थितियां बदलती हैं। समय के साथ उत्तरोत्तर बदलने को ही विकास कहा जाता है। यदि हग बदलाव से गुह चुराएगे, ती समाज का विकास नहीं होगा और जब समाज का विकास नहीं होगा, तो हमारा विकारा कौसे हो पाएगा।

25 लाख के कबाड़ के साथ दर्जन भर आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। जिले में चोरी का कबाड़ खरीदने वाली कबाड़ियों पर पुलिस विभाग ने ताबड़तोड़ कारवाई की है। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा चोरी के सामान खरीदते व बेचते पाए जाने पर अलग-अलग 9 प्रकरणों में 13 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपियों के कब्जे से घरेलू सामान सहित लोहे के सामान भी जप्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 41 (1+4) व 379 के तहत पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के साथ कार्रवाई की गई वही कुछ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत भी कार्रवाई कर उन्हें जेल की सीखचों के पीछे भेजा गया है। जानकारी के अनुसार खैरागढ़ क्षेत्र में हुई कबाड़ के सामान खरीदने व बेचने वालों पर कार्रवाई के चलते उनसे 25 लाख रूपए के सामानों की जब्ती की गई। उक्त कार्रवाई में कबाड़ी संचालकों को चोरी का माल बेचने वालों को तत्काल पुलिस में सूचना देने की हिदायत की गई है।

याचना का छात्रवृत्ति हेतु चयन

हरदी (दावा)। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीन्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पीपरखार (जेवरतला) की कक्षा आठवीं की छात्रा याचना का चयन हुआ है। परीक्षा में चयनित छात्रा को कक्षा नवमीं से 12 वीं तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रा की इस उपलब्धि की संस्था प्रमुख सीडी साहू, बीएस देशमुख, युगेश्वरी देवांगन, मीना रंगारी, हरख राम ठाकुर, माया चंद्राकर सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

आज श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्वर्ग रथ वाहन सेवा का लोकार्पण

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा गठित जन स्वार्थ ट्रस्ट श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट रायपुर एवं श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से नवनिर्मित स्वर्ग रथ वाहन सेवा का लोकार्पण एवं पूजन समारोह आज संपन्न होगा। 9 अप्रैल हिंदू नववर्ष के पावन दिवस पर आयोजित किए जाने वाला कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे गां बमलेश्वरी देवी मंदिर परिसर में प्रारंभ होगा।

उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट डोंगरगढ़ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं एंबुलेंस एवं स्वर्ग रथ संयोजक छत्तीसगढ़ राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि आज आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल भिलाई, प्रांतीय चैयरमेन व डॉक्टर अशोक अग्रवाल रायपुर, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, अशोक मोदी कोरबा, श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमैन सुनील रामदास अग्रवाल रायपुर, कोषाध्यक्ष सुनील राम अवतार अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। तथा उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के स्थानीय पदाधिकारी वीरेंद्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल एवं गणेश नरेड़ी से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्वर्गरथ वाहन एवं एंबुलेंस वाहन सेवा का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

यह सेवा छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल सगठन की एक अनुकरणीय पहल है। डोंगरगढ़ में 9 अप्रैल को आयोजित यह लोकार्पण समारोह मां दुर्गा भवानी की आस्था के पावन पर्व नवरात्रि के प्रथम दिवस आयोजित किया जा रहा है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं एंबुलेंस एवं स्वर्गस्थ संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने समस्त सामाजिक बंधुओं, नागरिक बंधुओं को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का जाग्रह किया है। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रचाल संगठन द्वारा श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत प्रदेश की कोई भी अग्रवाल सभापति ऐसी एंबुलेंस वाहन सेवा, स्वर्ग रथ वाहन सेवा का संचालन करना चाहती है, तो वह स्थानीय स्तर पर 50 प्रतिशत स्वयं अंशदान देंगी तथा 50प्रतिशत अनुदान श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिया जाएगा तथा इस योजना से छत्तीसगढ़ प्रदेश की विभिन्न अग्रवाल सभाओं में इसका बेहतर ढंग से सचालन हो रहा है।

कोसरिया यादव समाज का हर्षोल्लास से संपन्न हुआ होली मिलन

छुईखदान (दावा)। कोसरिया यादव समाज सर्किल, छुईखदान यादव समाज द्वारा 7 अप्रेल को होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। छुईखदान के सामुदायिक भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ लोगों व पुरुष-महिलाओं की उपस्थिति होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के तैल चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर पूजा अर्चना किया गया और आरती गान के पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान उपस्थित समाज के मुखिया और पदाधिकारियों का तिलकाभिषेक कर सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। यादव समाज के सर्किल अध्यक्ष शंकर यादव ने शिक्षा एवं समाज के छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए अपनी बात रखी और रंगों का पर्व होली की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अन्य सदस्यों ने भी समाज से संबंधित अपनी बातें रखीं। होली मिलन में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रमुख रूप से समाज के दशरथ यादव, सियाराम यादव, रामकृष्ण यादव, श्याम रतन यादव ,रवि यादव, किशन यादव भागचंद यादव किशोर यादव, शत्रुहन यादव, डेरहा यादव, कन्हैया यादव, तेजू यादव व समाज की महिला अध्यक्ष आशा यादव, सोमनाथ यादव, मृगनैनी यादव, राधा यादव, नीलू यादव, भारती यादव, संतोषी यादव एवं सर्कल के समस्त यादव भाई एवं बहनों की उपस्थिति रही। उक्ताशय की जानकारी मडिया प्रभारी दीनू ने यादव ने दी।

पहला कॉलम...

ऑटो स्टॉक में तेजी से सेंसेक्स में बढ़त

मुंबई। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 392 अंक बढ़कर 74,640.36 अंक पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स की बढ़त में ऑटो शेयर सबसे आगे हैं। एमएंडएम 3 फीसदी और मारुति 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर है।उधर निफ्टी 131.55 अंक चढ़ कर 22,645.20 पर कारोबार कर रहा है।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि आईटी कंपनियों के लिए चौथी तिमाही के नतीजे सुस्त रहेंगे। इसलिए बाजार की प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि उसमें डिटेल्स क्या हैं।उन्होंने कहा कि बैंकों के नतीजे अच्छे रहने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी बैंकिंग कंपनियों की अगुवाई में बैंक निफ्टी ऊपर जा सकता है। छोटे बैंक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पूंजीगत सामान और ऑटो मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, कम वॉल्यूम ग्रोथ के कारण एफएमसीजी कमजोर है। इस साल की शुरुआत फेड द्वारा दरों में कटौती की उम्मीद के साथ हुई थी। कई लोगों का मानना है कि फेड इस साल सात से नीचे आकर केवल दो बार दरों में कटौती कर सकता है। उन्होंने कहा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था और श्रम बाजार की मजबूती ने अधिकांश विशेषज्ञों को आश्चर्यचकित कर दिया है।

अब बिना इंटरनेट करें चैटिंग

नई दिल्ली । अगर आप गूगल चलाते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की खबर है। दरअसल त्रश्नश्चद्दद्घद्ग मैसेजिंग ऐप के लिए नया सैटेलाइट मैसेजिंग फीचर पेश करने जा रहा है। इस ऐप में एक फीचर यह है कि इससे यूजर का गूगल मैसेजिंग फीचर सीधे सैटेलाइट कनेक्टिविटी से लिंक करेगा। मतलब इसके लिए मोबाइल टॉवर की जरुरत नहीं होगी। यूजर सीधे गूगल सैटेलाइट मैसेजिंग टूल ओपन करके मैसेज कर पाएगा।

गूगल सैटेलाइट मैसेजिंग फीचर की एंट्री से व्हाटसएप को जोरदार टक्कर मिलने की उम्मीद है। साथ ही गूगल का नया मैसेजिंग फीचर iPhone के इमरजेंसी मैसेजिंग फीचर से भी काफी बेहतर होगा, क्योंकि इसमें आपातकालीन सर्विस के साथ ही जरूरी मैसेज का रिप्लाई करने की सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विख्यात टेक कंपनी गूगल ने यूजर्स के लिए मैसेज ऐप का नया बीटा वर्जन रोल आउट कर दिया है। इस ताजा अपडेट के बाद Gemini AI Integration की सुविधा Google Messages में मिलना शुरू हो गई है। गौरतलब है कि,द्ध असिस्टेंट के मैसेज ऐप में इंटीग्रेशन को लेकर कंपनी एक माह पहले ही घोषणा कर चुकी है और इसका रोलआउट अब शुरू कर दिया गया है।

दीपक मेहरोत्रा बनेंगे बायजू के नए सीईओ

नई दिल्ली। एडटेक कंपनी बायजू के मालिकाना हक वाली कोचिंग कंपनी आकाश की लीडरशिप में बड़ा बदलाव होने जा रहा है. पियरसन इंडिया के पूर्व एमडी दीपक मेहरोत्रा आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के सीईओ बनने वाले हैं. ऐसा माना जा रहा था कि कोचिंग कंपनी के प्रमोटर आकाश चौधरी सीईओ की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे. सूत्रों के हवाले से मनीकंट्रोल ने दावा किया है कि दीपक मेहरोत्रा को अब यह जिम्मेदारी मिलने वाली है. लगभग 7 महीने से बायजू आकाश के पास कोई सीईओ नहीं है. दीपक मेहरोत्रा इससे पहले साल 2018 से 5 साल तक आशीर्वाद पाइप्स के एमडी का पद संभाल रहे थे. उन्होंने यह पद सितंबर, 2023 में छोड़ दिया था. रिपोर्ट के मुताबिक, उनके नाम की घोषणा जल्द ही की जा सकती है. बायजू ने आकाश को अप्रैल, 2021 में खरीदा था. यह एक इक्विटी और कैश डील थी. इसमें 70 फीसदी कैश और 30 फीसदी इक्विटी का हिस्सा था. इसके चलते आकाश के प्रमोटरों और प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन को बायजू की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न के शेयर मिले थे. ब्लैकस्टोन के पास आकाश की 12 फीसदी हिस्सेदारी थी.

सोने-चांदी के दामों में जबरदस्त उछाल

नई दिल्ली। सोमवार के शुरुआती कारोबार में नवरात्र से पहले सोने और चांदी की कीमतें फिर एक बार ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। एमसीएक्स पर सोने के भाव 440 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 71,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। इस बीच, चांदी 82,064 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गई और सुबह 11 बजे तक चांदी की कीमतों में 1 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है।

कहा जा रहा है कि कीमतों में बढ़ोतरी डॉलर इंडेक्स में गिरावट के कारण हुई, जो 0.05त्न की गिरावट के साथ 104.25 अंक के आसपास बना हुआ है। पिछले पांच ट्रेडिंग सेशंस में छ्वङ्गङ्ख में 0.73त्न की कमी आई है। पिछले हफ्ते, एमसीएक्स पर सोने का भाव 70,699 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई को टच करके 37 रुपये की गिरावट के साथ 70,599 रुपये पर बंद हुआ।

जीत की पटरी पर लौटा चेन्नई, केकेआर को सात विकेट से हराया, ऋतुराज पचासा लगाकर रहे नाबाद

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की बेहतरीन 58 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से खेली नाबाद 67 रन की पारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया। लगातार दो मैचों में हार के बाद चेन्नई अपने होम ग्राउंड पर जीत की पटरी पर लौटा, जबकि केकेआर को इस सीजन अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 139 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

चेपॉक पर सीएसके का पलड़ा रहा है भारी

पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान चेपॉक स्टेडियम पर हराना किसी भी टीम के लिए आसान बात नहीं है, लेकिन जब बात केकेआर की हो तो दो बार की विजेता इस टीम के लिए सीएसके को उसके होम ग्राउंड पर हराना काफी कठिन रहा है। आंकड़ों को देखें तो केकेआर ने आईपीएल में चेपॉक स्टेडियम पर कुल 14 मैच खेले हैं और उसे 10 मैच में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि सिर्फ चार मैच में टीम को सफलता मिली है। वहीं चेन्नई ने इस स्टेडियम पर केकेआर के खिलाफ कुल 11 आईपीएल के मुकाबले खेले हैं और उसने नौ मैच जीते हैं। चेन्नई ने इस मैच को एकतरफा अंदाज में जीतकर एक बार फिर केकेआर के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर दबदबा बनाए रखा है।

हार के बावजूद तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद केकेआर

चेन्नई की टीम इस जीत के बाद पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। हालांकि इस हार के बावजूद कोलकाता की टीम छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर मौजूद है। पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है जिसने चार मैचों में सभी चार मुकाबले जीते हैं और आठ अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। अब राजस्थान की टीम टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जिसने अबतक एक भी मैच नहीं गंवाया है।

ऋतुराज ने खेली कप्तानी पारी

केकेआर के बल्लेबाज जहां इस मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए, वहीं ऋतुराज ने कप्तानी पारी खेलते हुए चेन्नई को जीत दिलाई। चेन्नई ने अपने शुरुआती दो मैच जीते थे, लेकिन उसे पिछले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इससे ऋतुराज की कप्तानी पर सवाल उठे रहे थे, लेकिन उन्होंने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को जवाब दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके ने रचिन रवींद्र के रूप में जल्द ही पहला विकेट गंवा दिया था। रचिन 15 रन बनाकर वैभव अरोड़ा का शिकार बने।

इसके बाद ऋतुराज ने डेरिल मिचेल के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। ऋतुराज और डेरिल ने दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी की और जीत की नींव रखी। डेरिल को हालांकि सुनील नरेन ने बोल्ड किया जो 25 रन बनाकर आउट हुए। फिर शिवम दुबे ने तेजी से रन बनाए, लेकिन वैभव ने उन्हें आउट कर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। शिवम ने 18 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 28 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैदान पर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उतरे और चेपॉक स्टेडियम में दर्शकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। धोनी एक रन बनाकर नाबाद लौटे और गायकवाड़ ने सीएसके के लिए विजयी चौका लगाया।

2 खेमों में बंटी मुंबई इंडियंस!

नई दिल्ली। 2024 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया। यह इस सीजन रूद्ध की पहली जीत है। इससे पहले हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम को पिछले 3 मैच में लगातार हार मिली थी।

मुंबई की जीत के बाद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और कप्तान हार्दिक पांड्या गले मिले। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर छाया रहा। हालांकि, इसके बाद दोनों की पोस्ट ने एक बार फिर अटकलों को तूल दिया है। हार्दिक और रोहित की पोस्ट को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। रूद्ध अभी भी 2 खेमों में बंटी हुई है। हालांकि, हार्दिक लगातार इन बातों को नकार रहे हैं।

मुंबई इंडियंस की जीत के बाद हार्दिक ने ट्वीट किया, च्च्हम तैयार हैं और दौड़ रहे हैं।ज्ज् इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच की तस्वीरें शेयर कीं। रोहित ने भी मैच की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा च्च्ऑफ द मार्क।ज्ज् इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई कि मुंबई इंडियंस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। फैंस का कहना है कि हार्दिक की पोस्ट में रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं, लेकिन रोहित शर्मा ने हार्दिक की कोई तस्वीर शेयर नहीं की है।

130 लोगों को लेकर जा रही नाव डूबी, हादसे में 90 से ज्यादा की गई जान

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीकी देश मोजांबिक से बेहद दुखद हादसे की खबर सामने आई है। यहां के उत्तरी तट के पास एक नाव डूब गई जिसके चलते 91 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के अनुसार यह नाव 130 लोगों को लेकर नामपुला प्रोविंस के एक आइलैंड की ओर जा रही थी। लेकिन, बीच में ही यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि यह नाव पहले फिशिंग वेसल था।

अधिकारियों ने बताया कि नाव इसलिए डूबी क्योंकि उसमें क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। इसके अलावा नाव पैसेंजर ट्रांसपोर्ट यानी यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए अनफिट थी। मारे गए लोगों में

कई बच्चे भी शामिल हैं। बचाने की कोशिशों के बाद भी अभी तक केवल 5 सर्वाइवर मिल पाए हैं। बाकी लोगों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है लेकिन समुद्री स्थिति इस काम में दिक्कत पैदा कर रही है।

बता दें कि इस हादसे में कॉलरा बीमारी का भी हाथ रहा। रिपोर्ट्स के अनुसार कॉलरा के आउटब्रेक से जूझ रहे मोजांबिक में अक्टूबर 2023 से अब तक करीब इसके 15,000 मामले सामने आ चुके हैं और 32 लोगों की जान जा चुकी है। इसकी वजह से लोग मेनलैंड मोजांबिक से पलायन कर रहे हैं। इसके अलावा पड़ोसी काबो डेलगाडो में जिहादी हमलों से बचने के लिए भागने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है।

बचाए गए 5 सर्वाइवर्स में से 2 का इलाज कराया जा रहा है। यह नाव आइलैंड ऑफ मोजांबिक की ओर जा रही थी। यूनेस्को की ओर से वर्ल्ड हेरिटेज घोषित किया गया यह आइलैंड एक समय में पुर्तगाली पूर्वी अफ्रीका की राजधानी हुआ करता था। इस आइलैंड की खोज वास्को डि गामा ने की थी। बता दें कि मोजांबिक को विनाशकारी साइक्लोन्स का अक्सर सामना करना पड़ता है। यहां गरीबी भी बहुत है।

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी पर फिर बोले गंभीर

नई दिल्ली। भारत में इस दिनों आईपीएल 2024 खेला जा रहा है। लीग के 22वें मैच में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। अपने पिछले 2 मुकाबले हारकर आ रही छ्दस्य की कोशिश अब जीत दर्ज करने पर होगी। दूसरी ओर य्यक्र विजयी रथ पर सवार है और टीम ने लगातार 3 मैच जीत लिए हैं। मैच से पहले कोलकाता के मेंटॉर गौतम गंभीर ने महेंद्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स पर बात की।

गौतम गंभीर ने कहा, च्च्महेंद्र सिंह धोनी भारत के अब तक के सबसे सफल कप्तान हैं, मुझे नहीं लगता कि कोई भी उस स्तर तक पहुंच सकता है। उन्होंने ढ्ढष्ट के तीन खिताब जीते हैं। उन्होंने विदेशों में भारत को जीत दिलाई है। ढ्ढक्करु में भी वह काफी चालाकी के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह नंबर 6 और 7 पर बल्लेबाजी करने आते हैं। वह खेल को खत्म करने की कोशिश करते हैं। वह फील्ड पर काफी शांत रहते हैं। चेन्नई के खिलाफ जब तक आप ने आखिरी रन नहीं बनाया तब आप जीते नहीं हैं। आईपीएल 2024 में चेन्नई के प्रदर्शन की बात करें तो टीम ने जीत के साथ आगाज किया। उन्होंने अपने पहले 2 मैच में जीत दर्ज की। सीएसके ने पहले मैच में आरसीबी को 6 विकेट से और अपने दूसरे मैच में गुजरात को 63 रन से हराया। इसके बाद छ्दस्य को लगातार 2 हार झेलनी पड़ी। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रन से और सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 विकेट से छ्दस्य को पटखनी दी। आईपीएल के 17वें सीजन में महेंद्र सिंह धोनी के प्रदर्शन की बात करें तो उन्हें 2 मुकाबलों में बल्लेबाजी का मौका मिला है और वह दोनों बार ही नाबाद रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनकी बैटिंग नहीं आई थी। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध धोनी ने 16 गेंदों पर 37* रन जड़ दिए थे।

विस्तारा ने उड़ानों में कटौती की घोषणा की

नई दिल्ली। परिचालन की चुनौतियों के बीच विस्तारा एयरलाइंस ने अपने उड़ान संचालन में सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध कटौती की घोषणा की।निर्णय लिया गया है कि प्रतिदिन लगभग 25-30 उड़ानें कम करनी हैं, जो पिछले स्तरों की तुलना में एयरलाइन की क्षमता का लगभग 10 फीसदी है। विस्तारा के प्रवक्ता द्वारा घोषित इस कदम का उद्देश्य एयरलाइन के उड़ान संचालन को फरवरी 2024 के अंत के तुलनीय स्तर पर वापस लाना है।इन कटौतियों के साथ विस्तारा अपने रोस्टर प्रबंधन को मजबूत करना चाहता है और अधिक मजबूत व टिकाऊ परिचालन ढांचा सुनिश्चित करना चाहता है।

राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे

नई दिल्ली। अब तक आईपीएल 2024 के कुल 21 मुकाबले हुए हैं. इस वक्त राजस्थान रॉयल्स के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्वॉइंट्स टेबल में टॉप-4 का हिस्सा हैं. दरअसल, प्वॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई करेंगी. जिसमें पहले और दूसरे पायदान पर फिनिश करने वाली टीमों के बीच क्वॉलीफायर खेला जाएगा. जबकि प्वॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे नंबर की टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी. बहरहाल, जैसे-जैसे आईपीएल के मुकाबले हो रहे हैं, प्लेऑफ की तस्वीर साफ होती जा रही है. हालांकि, अभी लंबा सीजन खेला जाना बाकी है, लेकिन प्लेऑफ खेलने वाली टीमों के कयास लगने लगे हैं.

दरअसल, अब तक संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने अपने चारों मैच जीते हैं, इस तरह यह टीम 8 प्वॉइंट्स के साथ टॉप पर काबिज है. इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने लगातार तीनों मुकाबले जीते, इस तरह श्रेयस अय्यर की टीम के 6 प्वॉइंट्स हैं. लिहाजा, अब तक राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस में सबसे आगे है. हालांकि, अभी आधे मुकाबले भी नहीं हुए हैं, लिहाजा मौजूदा प्वॉइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल संभव है.

सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती, शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

नई दिल्ली। एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा।

सात्विक-चिराग नाम वापस ले चुके हैं

पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं।

इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे

सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं। लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।

चुनाव से पहले एफपीआई अलर्ट , पांच दिन में शेयर बाजार से निकाले 325 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। शेयर बाजारों में उच्च मूल्यांकन और आम चुनावों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक सतर्क हो गए हैं, और उन्होंने इस महीने के पहले सप्ताह में बाजार से 325 करोड़ रुपए निकाले।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में 35,000 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का निवेश करने के बाद एफपीआई ने शुद्ध निकासी की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिका में 10-वर्षीय बॉन्ड का प्रतिफल बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गया है, जिससे निकट अवधि में भारत में एफपीआई निवेश प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि उच्च अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के बावजूद एफपीआई की बिक्री सीमित रहेगी, क्योंकि भारतीय शेयर बाजार में तेजी है और यह लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। कैपिटलमाइंड के वरिष्ठ शोध विश्लेषक कृष्णा अप्पाला ने कहा कि आम चुनाव के बाद या अमेरिकी फेडरल रिजर्व से ब्याज दर में कटौती के शुरुआती संकेत मिलने पर एफपीआई वापस लौट सकते हैं।

प्रथम पेज का शेष

मोदी का सिर लाठी से फोड़ने..

भ्रष्टाचारियों को बचाओ। उन्होंने आगे कहा कि वो (विपक्षी) रैली चुनाव के लिए नहीं कर रहे, बल्कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैली कर रहे। वो चाहे मोदी को कितनी भी धमकियां दे दें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों के दर्द को जानते हैं और यही कारण है कि उन्होंने गरीबों को उसका हक दिलाने के लिए योजनाएं बनाई। इसी का नतीजा है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

शराब घोटाले पर बड़ी खबर....

ने जवाब दिया कि, याचिकाकर्ताओं के खिलाफ नया विधेय अपराध दर्ज किया गया है, जिसके आधार पर ईडी ने एक ईसीआईआर (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) दायर की जाएगी। एएसजी ने आगे कहा कि, स्थगन के कारण नहीं शिकायत नहीं दर्ज हो सकी। कोर्ट ने ईडी को बयान दर्ज करने के लिए कहा है। इसे लेकर एएसजी ने समय मांगा, जिसके बाद ईडी को 4 दिन का समय दिया गया है।

शराब घोटाला : अनवर-अरविंद ...

आयकर विभाग के सर्च के दौरान मिले दस्तावेजों से हुआ है। प्रदेश में बड़े स्तर पर हुए शराब घोटाला में तत्कालीन विभागीय मंत्री कवासी लखमा को हर महीने 50 लाख रुपये हिस्सा मिलता था। एफआईआर के अनुसार लखमा के साथ ही विभागीय सचिव आईएएस निरंजन दास को भी सिंडीकेट की तरफ से 50 लाख रुपये हर महीने दिया जा रहा था।

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मोदी

पुराने मित्र - मुस्लिम लीग - की याद सताने लगी है। सच केवल एक है -कांग्रेस न्याय पत्र में हिंदुस्तान के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं की छाप है। उनकी सम्मिलित शक्ति, मोदी जी के 10 सालों के अन्याय काल का अंत करेगी।

कांग्रेस उम्मीदवार : रायबरेली से



लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर रहेगा। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना तैयार की जा रही है। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है लेकिन अभी तक सपा और कांग्रेस ने अलग-अलग या संयुक्त रूप से एक भी रैली नहीं की है। सपा के एक नेता नाम न छापने के अनुरोध के साथ बताते हैं कि इस बार पार्टी मतदान से पहले बड़े पैमाने पर अपनी ताकत का प्रदर्शन करना नहीं चाहती है। इसके पीछे की वजह यह है कि अपने मजबूत गढ़ों में भाजपा को सक्रियता बढ़ाने के लिए न उकसाया जाए।

कांग्रेस में गांधी परिवार के एक नजदीकी नेता बताते हैं कि यूपी में पिछले चुनावों में बड़ी रैलियां कीं लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। इस बार तो कांग्रेस धन के संकट से भी गुजर रही है। सही बात तो यह है कि प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत पॉकेट हैं, वे नहीं चाहते कि भाजपा उनमें सेंध लगाने में जुट जाए। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके बेस वोट में जो भी अन्य मतदाता प्लस हो सकते हैं, उन पर बिना किसी शोर-शराबे के फोकस किया जाए।

बायबाय ई-रिक्शा ने उपभोक्ताओं को आसान फाइनेंसिंग सुविधा देने के लिए रेवफिन से मिलाया हाथ

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट कंपनी बायबाय ई-रिक्शा ने कहा कि उसने ई-रिक्शा के आसान फाइनेंसिग के लिए डिजिटल ऋणदाता कंपनी रेवफिन के साथ साझेदारी की है। बायबाय ई-रिक्शा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी घरेलू कंपनियों में से एक है और पिछले 10 साल से वाहनों के साथ-साथ ई-लोडर भी बना रही है।

बायबाय के सह-संस्थापक राजीव तुली ने कहा कि एमओयू समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएगा। तुली ने कहा, हमने देखा है कि एक ई-रिक्शा चालक अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर पाता है और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाता है। रेवफिन के संस्थापक समीर अग्रवाल और तुली के बीच हुए इस करार से ई-रिक्शा की उपलब्धता आसान होगी और जरूरतमंद लोगों तक अच्छी गुणवत्ता वाला ई-रिक्शा पहुंचाया जा सकेगा। बायबाय द्वारा बनाए गए ई-रिक्शा और ई-लोडर असम सहित विभिन्न राज्यों में उपलब्ध हैं।

रेवफिन 2017 से इलेक्ट्रिक वाहनों का वित्तपोषण कर रहा है। कंपनी के ज्यादातर ग्राहक कस्बों, तहसीलों और छोटे शहरों से हैं, जिन्हें बिना किसी औपचारिकता के आसान किस्तों में ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक वाहन मिल जाते हैं। कंपनी अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के तहत ऋण प्रदान करती है।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

प्रदेश का संविधान नहीं, भ्रष्टाचारी खतरे में - विधि प्रकोष्ठ

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन गत दिवस पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुषाभाऊ ठाकरे परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के अधिवक्ता प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अधिवेशन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सहसंघठन मंत्री शिवप्रकाश सिंह ने कहा की वस्तुतः देश का संविधान मोदी जी के नेतृत्व में पूर्णतः सुरक्षित हैं, देश संविधान व कानून के आधार पर ही चल रहा हैं। देश में यदि किसी को खतरा हैं तो वह भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों को हैं। जैसे प्रभु श्रीराम के श्रीलंका की ओर एक-एक कदम बढ़ने से रावण चिंतित होता था, भगवान कृष्ण के जीवित रहने की खबर सुनकर जैसे कंस रोज चिंतित होता था, वैसे ही भ्रष्टाचारी आज मोदी को देख कर चिंतित होते हैं, कि ना जाने उनका भ्रष्टाचार कब पकड़ा जाए और ना जाने कब उन्हें जेल की हवा खानी पड़े। बस यही भ्रष्टाचारी लोग देश के संविधान के खतरे का प्रलाप कर रहें हैं। अब भारत पर आतंकवादी हमला करने वाले दुनिया में कहीं भी सुरक्षित नहीं रह सकते, यह नया भारत हैं जो आतंकियों व देश विरोधियों को उनके घर में घूस कर मारता हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं, जिनका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा हैं। एयरपोर्ट, रेलवे व सड़क जैसे आधारभूत संरचना क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुआ हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में जिले से भाग लेने के लिए अधिवक्ताओं का एक बड़ा जत्था विधि प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी के नेतृत्व में शामिल हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से विष्णुप्रसाद साव, बलराज तिवारी, सुखलाल धारगवे, महेश शर्मा, जी.डी.वैष्णव, राजेश खांडेकर, रामचन्द्र देवांगन, संतोष रजक, अशोक रजक, भुवन सिन्हा, टुमन यादव, सतीश पांडे सहित दर्जनों अधिवक्ता शामिल हुए। सम्मेलन में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में विजय प्राप्त करने के लिए विधि प्रकोष्ठ ने अपनी पूरी ताकत लगाने का निर्णय लिया। इसके तहत विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बुद्धिजीवी वर्ग के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे तथा इस हेतु जगह-जगह बैठके लेकर इंडजनसम्पर्क अभियान चलाएंगे।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा अधिवक्ताओं को निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देकर प्रमुख रूप से आदर्श आचार संहिता के लिए सजग रहने का प्रशिक्षण दिया गया।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का बी. फॉर्मेसी तृतीय सेमेस्टर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रथम एवं प्रदेश कि अग्रणी फॉर्मेसी संस्थान, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, जो कि सीएसवीटीयू भिलाई से संबद्ध है जिसका विगत दिवस घोषित बी. फॉर्मेसी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूनम देवांगन ने 82% के साथ प्रथम स्थान, कुलेश्वरी वर्मा ने 81.33% के साथ द्वितीय स्थान एवं किशोर कुमार 79.5% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकगणों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार द्वारा प्रदान की गई।

भाजपा कार्यालय में मनाया स्थापना दिवस मनाया गया

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के प्रेरणा से की थी।

भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो देश हित में काम करती है पार्टी का हर कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करता है बीजेपी देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है, भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें आम कार्यकर्ता को भी बड़े से बडा पद मिल सकता है, भाजपा सभी समुदाय के प्रति एक अच्छी विचार धारा के साथ 'सबका साथ सबका विकास' के साथ चलने वाली पार्टी है, पार्टी ने आज विश्व के शिखर पर अपनी पहचान बनाई है, इस मौके पर विनय देवांगन, रामाधार रजक, सूर्यदमन सिंह, आलोक श्रीवास, अनुज देवांगन, जोहन वर्मा, भागबली वर्मा, महेंद्र वर्मा अन्य कार्यकर्ता ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश में व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को पूर्ण सहयोग देकर समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभांवित किया जाएगा।

भूपेश बघेल वनांचल क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों को भ्रमित कर रहे हैं- गिरवर साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने वनांचल क्षेत्र में भूपेश बघेल के द्वारा अपनी चुनावी सभा मे गरीबों को 35 किलो चावल देने का काम हमने किया वाले बयान पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भूपेश जी की याददाश्त बहुत ही कमजोर है, जब प्रदेश में डॉ रमन सिंह की सरकार बनी तब अंत्योदय को आत्मसात करने के लिए गाँव के अंतिम जो गरीबी रेखा में जीवन यापन करते है, उन्हें 35 किलो चावल देने काम डॉ रमन सिंह की सरकार ने किया।

केंद्र में डॉ मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने पुरस्कृत भी किया गया। इसलिए लोगों की जुबान पर चाउर वाले बाबा के नाम से जाना जाने लगा। गिरवर साहू ने आगे कहा कि वनांचल क्षेत्र लोग भोले-भाले जरूर है, लेकिन आप के झूटी बहकावे में आने वाले नही है। जबकि आप ने छतीसगढ़ की मुख्यमंत्री रहते हुए कोरोना की भीषण महामारी में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल दिया गया। उसे आप ने गरीबों को चांवल नही दिया। जो मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात में सेटिंग कार्यक्रम कर लोगों को बोलने के लिए ट्रेनिंग देकर अपने ही लोगों को बोलवाया जाता था आज वही मुख्यमंत्री आज दर दर भटक रहे है और आज वही मुख्यमंत्री वोट लेने के लिए गाँव-गाँव जाकर झूठ बोलने का काम कर रहे है। लेकिन वनांचल क्षेत्र की मतदाता अब जागरूक हो चुके है किसी के बहकावे में आने वाले नही है।

कर्मा जयंती पर बखरूटोला पहुंचे भाजपा के दिग्गज नेता

छुरिया (दावा)। संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती के आयोजन पर आज भाजपा के दिग्गज नेता एमडी ठाकुर एवं चंद्रिका प्रसाद डडसेना ग्राम बखरूटोला पहुंचे। ग्राम में मां कर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से किया गया। ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम में ग्राम की माताओं एवं बहनो के द्वारा सर्वप्रथम ज्योति कलश एवं शोभा यात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होते हुए निकाला गया।

शोभायात्रा के दौरान समाज के प्रमुख सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा माता शीतला के मंदिर में पूजा पाठ कर शोभा यात्रा को आगे बढ़ाया गया। शोभायात्रा के पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन में मां कर्मा की पूजा आरती कर खिचड़ी प्रसादी का भोग लगाया गया।

पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ। मुख्यातिथि के आसंदी से बोलते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि साहू समाज के लोग अपने काम के प्रति काफी मेहनती, लगनशील और ईमानदार होते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेती किसानी के मामले में साहू समाज के लोग सबसे आगे है। सरकारी नौकरी और व्यापार व्यवसाय से लेकर अन्य कार्यों में भी आज साहू समाज काफी आगे बढ़ रहा है।

ग्रामीणों की मांग पर एमडी ठाकुर ने ग्राम बखरूटोला में हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी स्कूल की संयुक्त भवन, पोस्ट मैट्रिक हास्टल, आमगांव से बखरूटोला, भर्रीटोला से बखरूटोला, व्यवसायिक परिसर सहित विभिन्न मांगों की पूरी हेतु ग्रामीणों को राजधानी रायपुर ले जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों से मिलवाने की बाते कहते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आगामी समय में उनकी सभी मांगों को राज्य सरकार के माध्यम से पूरा करवाया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने भक्त माता कर्मा एवं साहू समाज के संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एमडी ठाकुर के साथ मिलकर वे ग्राम बखरूटोला के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। विशेष अतिथि मंडल कछूबंजारी के संचालक डा.सुरेश साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन चरित्र एवं साहू समाज की सामाजिक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए साहू समाज को एक बड़ा और संगठित समाज बताया।

कार्यक्रम के संचालक एवं ग्रामीण साहू समाज के सचिव जाकेश साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलश सजावट में प्रथम पुरुस्कार तीन सौ एक रुपए, द्वितीय पुरुस्कार दो सौ एक रुपए एवं तृतीय पुरूस्कार एक सौ एक रुपए ग्रामीण सुरेश उर्फ मुन्ना साहू द्वारा दिया गया। सभी कलश यात्रियों को समाजसेवी धम्मन सिंह साहू, मंडल संचालक डा.सुरेश साहू एवं ग्रामीण साहू समाज की ओर से प्रत्येक को संयुक्त रूप से तीस तीस रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

मां कर्मा जयंती के अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के वरिष्ठ संरक्षकगण चरणलाल साहू, दयालु राम साहू, बलदेव दास साहू, बिसराम दास साहू, जयलाल साहू एवं ग्रामीण सुखचरन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गिरवर लाल साहू, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों में भीषण लाल साहू, पद्मभूषण साहू, कुलदीप साहू, ग्राम पटेल रूपेंद्र साहू, बेला बाई साहू, राजकुमार साहू, परमिला बाई साहू, वजन दास साहू, रूखमणी बाई साहू, शंकर दास साहू, मोहित राम साहू, जीवन लाल साहू, परमानंद साहू, अशोक साहू, बाबूलाल साहू, शिवदास साहू, अलख राम साहू, हीरू राम साहू, रुपऊराम साहू सहित समाज के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

'समर्थ' अभियान के तहत किया यातायात शिविर

यातायात शिविर के दौरान 57 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, 42 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल (भापुसे.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पाण्डेय के दिशा निर्देश पर 'समर्थ' अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में राजा फतेह सिंह मैदान खैरागढ़ में जिले के सभी स्कुलों के बस, ऑटो, वेन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य सहित वाहनों का भौतिक और दस्तावेज चेक करने शिविर लगाया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉ विनय रामटेके नेत्र चिकित्सक छुईखदान, डॉ पूर्णिमा चंदेल खैरागढ़ व उनकी पूरी टीम के द्वारा वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ नेत्र परीक्षण किया गया इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के गाइड लाइन का दिए गये निर्देशों का पालन करने स्कुल संचालकों व वाहन चालकों को वाहन में आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने बसों के चालक द्वारा निर्धारित ड्रेसकोड मे रहने निर्देश दिया गया।

शिविर में डॉक्टरों द्वारा 57 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, 42 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया, साथ ही 47 वाहन चालकों का बीमा व लाइसेंस दुरुस्ती की प्रक्रिया की गई। 40 वाहन चालकों के शिविर में नंबर प्लेट नहीं होने से मौके पर ही उनके नंबर प्लेट पर नंबर लिखवाया गया। शिविर के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे के द्वारा शिविर में आए समस्त स्कूल के वाहन चालकों का भौतिक निरीक्षण कर उनमें पाई गई कमियों को नोट किया गया, साथी कर्मियों को तत्काल दूर कर बच्चों को सुरक्षित घर से लाने एवं ले जाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु ड्राइवर को आवश्यक समझाइश दिया गया।

शिविर दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात शिविर का निरीक्षण कर वाहन चालकों को यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु तथा दुर्घटना रहित वाहन चलाने का निर्देश दिया गया है साथ ही वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा करना एवं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से होने वाले हानि के बारे में बता कर बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करना है या बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पर पोक्सो एक्ट के कड़े कानून की भी जानकारी देकर उन्हें समझाइश दी गई है, यातायात शिविर मे वेसलीयन, नीरज माइल स्टोन, एनबीआईएस स्कूल के वाहन चालकों एवं अन्य ऑटो वाहनों को सम्मिलित किया गया था। अन्य वाहन जिसमें बच्चों को लाने ले जाने का कार्य किया जाता है, ऐसे वाहनों की भी बारीकी से जांच जारी रहेगी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने नागरिकों से अपील की है की यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले, स्टंट करने वाले, एक्सीडेंट कर भागने वाले वाहन चालकों के संबंध में कोई भी शिकायत करने या जानकारी देने हेतु कंट्रोल रूम के नंबर 9479247401 पर तत्काल सूचना देवे एवं यातायात के नियमों का अधिक से अधिक पालन करें।

शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा ने कराया वैवाहिक वर्षगांठ पर स्कूल में न्योता भोज कराया

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार थैलीटोला निवासी विनोद कुमार सिन्हा ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर शास, पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला आलकन्हार (मोहला) में खीर, पुडी, पापड़, बच्चों को परोसा खिलाया। शाला के बच्चों द्वारा विशेष गुब्बारे केक व्यवस्था किया गया था। शिक्षक विनोद कुमार सिन्हा अपनी पत्नी सहित शाला में बच्चों के साथ मिलकर वैवाहिक वर्षगांठ की खुशी मनाया।

इसी कार्यक्रम में शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक हीरालाल आर्य, रेश कुमार ढालेन्द्र, योगेश्वरी भुआर्य, पी. एस. प्रधान पाठक भंवर सिंह साहू, संकुल समन्वयक पीलाराम देशमुख, चापाटोला से चन्द्रवंशी सर व बिरेंद्र चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गिरधारी कोमा, सरपंच किशोर कुमार मेहतरू राम भूआर्य, धरमदास मेरिया, रोहिदास, कोमा, लखन लारिया, जगदीश भुआर्य ग्राम पटेल, गोपी लारिया, हिंसाराम सहारे, श्रीमती सोनकुवंर लहरिया, श्रीमती शशि नायक, प्रवीण भूआर्य, बेलन बाई, कुंवर बाई, कांति कोमा, देवी लारिया, शिक्षक और बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित होकर सभी बच्चों के साथ मिलकर न्योता भोजन का बच्चों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से आनंद लिया। उपरोक्त जानकारी शिक्षक कीरत कुमार गणवीर ने दी।

भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं - कैलाश शर्मा

खुज्जी (दावा)। प्रदेश भाजपा के आव्हान पर विजय बुथ अभियान के तहत खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कुमर्दा मंडल अन्तर्गत शक्ति केन्द्र तुमड़ीकसा मे राना मटिया बुथ, माटरा खुज्जी बुथ एवं तुमड़ीकसा बुथ की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

बैठक लेने पहुंचे भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने कहा कि सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और अपने अपने बुथों पर शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की। बैठक में बुथ कार्यकर्ताओं की कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, कैलाश शर्मा ने कहा कि आप लोग बहुत भाग्यशाली हो जो राष्ट्रहित पर काम करने वाले भाजपा के कार्यकर्ता हो। चुनाव के पहले आप लोगों में जीत कि झलक और आत्म विश्वास दिखाई दे रही है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 पार करने का रिकॉर्ड बनाना है। सभी कार्यकर्ताओं को जीत के अन्तर को बढ़ाने की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना है।

बैठक में शक्ति केन्द्र प्रभारी सुमीत मंडावी, संयोजक डामन साहू,भीषम उर्वशा, सहित बुथ अध्यक्ष, बी.एल. 2, महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष एवं बुथ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

योग और यज्ञ से मानव जीवन स्वस्थ रहेंगे-आचार्य नरेन्द्र देव

छुरिया के गायत्री प्रज्ञापीठ में हुआ सत्संग पतंजलि योग समिति का हुआ गठन

छुरिया (दावा)। योग गुरु बाबा रामदेव के परम शिष्य हरिद्वार से पधारे आचार्य नरेंद्र देव ने अपने राजनांदगांव जिला प्रवास के दौरान दिनांक 5 अप्रैल को छुरिया के गायत्री प्रज्ञापीठ में शाम 5 बजे उपस्थित योग प्रेमी, गायत्री परिवार के परिजन और युवा युवती, महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग को योग करने प्रेरित किया गया।

वहीं छुरिया में बहुत सालों से योग का कक्षाएं नहीं लग रहा था जिसे भी चालू करवाया गया और नए सिरे से समिति का गठन भी किया जिसमें भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी रोहित सिन्हा को मनोनीत किया गया, पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी योगेंद्र वर्मा, युवा भारत तहसील प्रभारी अनिकेत मानव, किसान सेवा समिति प्रभारी मनीराम साहू, महिला प्रभारी डामेश्वरी वर्मा, महिला महामंत्री रश्मि पटेल, महिला संगठनमंत्री चित्रा साहू और रोहिणी वर्मा, सोशल मीडिया तहसील प्रभारी हारून मानिकपुरी, यज्ञ संपन्न समिति के प्रभारी रमेश कुमार पड़ोती को मनोनीत कर समिति का गठन किया गया।

स्वामी जी ने नियमित योग की कक्षाएं लगाने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने गायत्री परिवार को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गुरु परंपरा को आगे बढ़ाने का उपदेश देते हुए श्रीराम शर्मा के गुणों का बखान भी किया वहीं आचार्य जी ने कहा कि मनुष्य को मानव जीवन के रूप में तीन ऋण से मुक्ति पाना अत्यंत जरूरी है पहला ऋण मातृ पितृ का, दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा राष्ट्र का ऋण। मनुष्य मातृ पितृ ऋण को पूरा करते हैं लेकिन ऋषि ऋण और राष्ट्र ऋण में पीछे हो जाते हैं जबकि यह तीनों ऋण अति महत्वपूर्ण है हम सबको एक से दो घंटा सेवा में प्रतिदिन लगाना चाहिए। प्रतिदिन सुबह योग करें और उसके बाद अपने-अपने कर्म योग करें। स्वामी आचार्य जी ने छुरिया में तत्काल अगले दिन सुबह 5 बजे से 6.30 बजे तक नियमित योग की कक्षाएं लगाने गठित समिति को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सभी को अस्वस्थ किया कि वे स्वयं बहुत जल्द छुरिया में आकर तीन दिनों तक योग अभ्यास करवाएंगे और योग के गुर सिखाएंगे।

सत्संग में राजनंदगांव से आए भारत स्वाभिमान के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी, मनोज लड्ढा, किरण वैष्णव जनपद पंचायत अध्यक्ष, रवींद्र वैष्णव जिला महामंत्री भाजपा राजनांदगांव, योगेंद्र वर्मा, रोहिणी वर्मा, धनसिंह रजक, रेवाराम सिन्हा, रामदास मानिकपुरी, हारून मानिकपुरी, रोहित सिन्हा, उमन साहू, रामेश्वरी वर्मा, विदेश राम साहू, रमेश कुमार पड़ोती, नीतीश कुमार सिन्हा, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र लाडेकर, मनीराम साहू, रश्मि पटेल, चित्रा साहू, चंद्रेश साहू, घनश्याम साहू, माखन साहू, नान्हू राम सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

आज से नवरात्रि प्रारंभ मंदिर, देवालयों में जलेगी आस्था की ज्योति

हिन्दू नव वर्षारंभ का बिखरेंगी खुशियां....

राजनांदगांव (दावा)। आज 9 अप्रैल मंगलवार से चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। पर्व को लेकर जहां शक्ति उपासकों व मातारानी के भक्तों में हर्षोल्लास माहौल बना हुआ है। वही आज से ही सत्य सनातन धर्म, हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2081 प्रारंभ होने से सकल सनातन धर्मियों में खुशियां बिखरी हुई है। आज मंगलवार 9 अप्रैल को जहां शहर के मंदिर देवालयों तथा शक्ति पीठ स्थलों में मातारानी की शाम में आस्था की ज्योति जलाई जाएगी। वही हिन्दू नववर्ष की खुशी में जगह-जगह मोटर सायकल रैली, महिलाओं की स्कूटी रैली सहित भव्य शोभायात्रा भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें हिन्दू समाज में उत्साह व उल्लास देखते ही बनेगी।

दुल्हन की तरह सजा शहर

बता दे कि चैत्र नवरात्रि पर्व व हिन्दू नव सवंत्सर को लेकर सनातन धर्मी समाज द्वारा शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मानव मंदिर चौक से लेकर अन्य स्थानों में रंग-बिरंगे पंडाल व आकर्षक साज-सज्जा किए जाने से लोगों का उत्साह द्विगुणित हो रहा है। बता दे कि सिंधी समाज द्वारा अपने ईष्ट देव भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आज मंगलवार को समाज की नारीशक्ति द्वारा स्कूटी रैली निकाली जाएगी। वही युवाओं द्वारा मोटर सायकल रैली का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सिंधु भवन चौखड़िया पारा व लालबाग हेमु कालानी नगर में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना सहित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

समाज के राजा माखीजा व चन्दन रूचंदानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा आज व कल दो दिनों तक चेटीचंड महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसी तरह आज सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर दो बजे बालाजी मंदिर गंज चौक से निकाली जाने वाली उक्त शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर-भ्रमण होगा।

मंदिरों में जलेगी आस्था की ज्योति

आज चैत्र नवरात्रि पर्व का धूमधाम के साथ आगाज हो रहा है। शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला मंदिर सोनारपारा से लेकर पाताल भैरवी मंदिर (जीई रोड), काली माई मंदिर भरकापारा, चण्डी मंदिर (लखोली नाका), महामाया मंदि (कसाई पारा), देश फिरंतीन माता मंदिर (नंदई कौरिन भाठा), दुर्गा मंदिर किला पारा व लालबाग सहित नजदीक के चरण पादुका मंदिर (पेंड्री-बरगा), मांडी माता मंदिर (जीईरोड), मां भानेश्वरी मंदिर (सिंघोला), गायत्री शक्तिपीठ (पोस्ट आफिस चौक) व प्रत्येक वार्डों में स्थित मां शीतला मंदिरों में भक्तजनों द्वारा आस्था की ज्योति जलाई जाएगी। इसी के साथ ही 9 दिनों तक मां दुर्गा के 9 रूपों की विधिवत पूजा-अर्चना कार्य शुरू हो जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्तों द्वारा मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन कराया जाएगा। ज्योति ज्वांरा बोए जाएंगे। धर्मनगरी डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी व करेला-भंडारपुर की माता भवानी तथा अम्बागढ़ चौकी की मां दंतेश्वरी व देश फिरंतीन माता में भक्तजनों द्वारा जवांरा बोए जाने के साथ आस्था की ज्योति जलाई जाएगी।

धर्म नगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दरबार में मत्था टेकने जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए इस बार भी राजनांदगांव जिले के ग्राम अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक सेवा-पंडाल लगाए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए समाज सेवी संस्था संगठनों को सहयोग लिया जा रहा है। बता दे कि आज 9 अप्रैल से 17 अप्रैल के मध्य चैत्र नवरात्रि पर्व की चहुंओर धूम बनी रहेगी। मांदर ढोलक के साथ मातारानी का जसगान चहूं ओर गुंजायमान बना रहेगा। 9 दिनों तक मां दुर्गा की विभिन्न रूपों में पूजा -अर्चना ध्यान साधन आराधना उपासना की धूम रहेगी।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 15 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत कुल 15 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल के समक्ष आज चार अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस लिया। निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन लडऩे वाले बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल को हाथ, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को कमल, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद को गैस सिलेण्डर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत को बाँसुरी, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल को हीरा, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर को बाल्टी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन को नारियल फार्म तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली को गन्ना किसान, त्रिवेणी पडोती को ऑटो-रिक्शा, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम को चारपाई, भुवन साहू को सीसीटीवी कैमरा, विशेष धमगाये को सिलाई की मशीन, एएच सिद्दीकी को सीटी, सुखदेव सिन्हा को अलमारी प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगा।

पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

बूथ मजबूत होगा तो हमारी जीत निश्चित हैं - मधुसूदन यादव

बूथ कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा करने पनेका क्षेत्र में पहुंचे मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। रविवार को पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पनेका, बॉकल एवं फरहद क्षेत्र के बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक ली। आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वर्तमान सांसद राजनांदगांव एवं भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डे के पक्ष में भाजपा कार्यकताओं और मतदाताओं को चार्ज करने और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के उददेश्य से आयोजित इस बैठक को चाय पर चर्चा के रूप में प्रत्येक शक्तिकेन्द्रों अंतर्गत स्थित बूथों में आयोजित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ग्रामीण मंडल राजनांदगांव के ग्राम पनेका, बाकल, फरहद पहुंचे। उक्त बैठक में मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गायकवाड, शक्ति केंद्र प्रभारी मोतीलाल देवांगन, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा उईके, ज्ञान चंद देवांगन, राकेश गौतम, इन्दु पटेल, किरण गोंड, रामू साहू, पंकज साहू, कुशल खोब्रागडे, रामदास साहू , रामसिंग उईके, ईश्वर दास साहू, संदीप टंडन, मुकेश कोठलिया, सुरजीत जांगड़े, नारायण साहू, अजय नागदेवे, कृपाल उईके, हेमन्त देवांगन, कमला खोब्रागडे, केसरी साहू, रघुनाथ मंडावी, बिस्मत, उर्मिला, निर्मला मंडले, सुनैना नेताम, चंदा बाई यादव, कमलेश निषाद, टेकराम सिन्हा, भागवती निषाद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस बैठक में पूर्व सांसद मधुसूदन ने कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार करने एवं मतदाताओं तक पुहँचने हेतु कई महत्वपूर्ण ध्यान रखने योग्य बातों पर चर्चा की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा की केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी रखने और वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के विकासपरक कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने, इसका प्रचार प्रसार करने और शासकीय योजनाओं से जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित करने का भी आव्हान किया। पूर्व सांसद ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप जैसे जागरूक और सशक्त कार्यकर्ता ही प्रत्येक बूथ को मजबूत करेंगे और बूथ मजबूत होगा, तो हमारी जीत निश्चित है।

संविधान बदलकर नागरिकों के अधिकार छीनना चाहती है भाजपा-भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि लोकसभा का यह चुनाव आम चुनाव नहीं बल्कि ख़ास चुनाव है. उन्होंने जनता को चेतावनी देते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदलकर नागरिकों के अधिकार छीनना चाहती है और यह बात भाजपा के कई नेता स्वीकार कर चुके हैं कि उनकी मंशा संविधान बदलने की है।

अपना धुंआधार चुनावी जनसम्पर्क अभियान सोमवार को जारी रखते हुए भूपेश बघेल सोमवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो दर्जन से अधिक भेंट-मुलाक़ात कार्यक्रम को शामिल हुए। भूपेश बघेल ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत कौड़ीकसा से की। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत भूपेश बघेल ने कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में जनता को दी गयी गारंटियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आम जनता की समस्याओं और जरूरतों को समझकर इस बार अपने घोषणा पत्र में हर गरीब महिला को सालाना एक लाख रूपए देने, शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी, मनरेगा के श्रमिकों को चार सौ रूपए मजदूरी देने का प्रावधान किया है, ताकि आम आदमी के जीवन स्तर को ऊपर उठाकर गरीबी को कम किया जा सके। इसके अलावा आम जनता के हितों को ध्यान रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं, इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाना जरूरी है।

किसानों का भला

श्री बघेल ने कहा कि किसानों का भला सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। हमारी सरकार के दौरान प्रदेश के लाखों किसानों की बेहतरी और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए तमाम तरह की योजनाएं चलाई और उसका लाभ किसान भाईयों को मिला। भाजपा के पंद्रह साल के शासन में हर साल हजारों-लाखों लोगों को रोजी-रोजगार की तलाश में पलायन करते सबने देखा है। हर साल दिवाली और होली त्यौहार के बाद थोक के भाव में गांव-गांव से लोग कमाने-खाने के लिए दूसरे प्रदेशों में जाते थे, लेकिन हमारी सरकार के आने के बाद से आज छत्तीसगढ़ में पलायन पूरी तरह से बंद हो चुका है। अब लोगों को उनके ही गांव में किसी न किसी रूप में या तो रोजगार मिल रहा है या फिर उनके जीवन स्तर में इतना सुधार आ चुका है कि अब लोगों को कमाने-खाने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता।

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भूपेश बघेल के साथ मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जिला पंचायत सदस्य बीरेंद्र मसिया, महामंत्री राजेंद्र जुरेशीय, जनपद अध्यक्ष लगनु राम चंद्रवंशी, नोहरु राम कुमेटी, देवानंद कौशिक, कुमार कोरेटी, निखिल द्विवेदी, अमर खान, मनीष साहू, जवाहर बोगा, दिनेश शाह मंडावी, सुरजीत ठाकुर, अब्दुल खालिक खान, रामसाय घावड़े, श्री राम कोमरे, मीना मांझी, गमिता लोनहारे, लता साव, हेमलता ठाकुर, राजेंद्र चक्रधारी, रामेंद्र गोआर्य, पन्ना मेश्राम, योगेश पटेल, खोमेंद्री चमन, कुमारी बाई जुरेशिया, हीरू विश्वकर्मा, सितार धनंजय, दामेंशाय पदमाकर, तानु राम पोरेटी, दादू शेंडे, इंदीया कोमरे, राजकुमार ध्रुव सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में जनमानस देर रात तक सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लगातार सुनते रहे।

अधिकार छिन जाएंगे

चुनाव प्रचार के दौरान भूपेश बघेल ने जनता को आगाह किया कि आने वाले चुनाव आम चुनाव नहीं बल्कि बेहद खास चुनाव हैं क्योंकि भाजपा के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं। भाजपा नेता अपनी यह मंशा अपने बयानों में खुलेआम ज़ाहिर कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि संविधान बदलने से सिर्फ भाजपा को फ़ायदा होगा क्योंकि इसके बाद देश में चुनाव ही नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि संविधान बदलने से महिलाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकार छिन जाएँगे। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा अंग्रेजों के समय महिलाओं को सम्पत्ति रखने का, शिक्षा का अधिकार नहीं था। इसी संविधान ने दीदी-बहिनी को पंच, सरपंच, जनपद, ज़िला पंचायत और विधायक इत्यादि जनप्रतिनिधि बनने का अवसर दिया है। हमारे आदिवासियों को जल-जंगल-जमीन के अधिकार भी इसी संविधान से मिले हैं। ये लोग सब खत्म कर देना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि देश में चुनाव भी न हों और भाजपा ही सत्ता पर काबिज रहे।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे का सघन जनसम्पर्क अभियान दिनों-दिन बढ़ता जा रहा हैं, वे प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से लेकर देर रात्रि तक विभिन्न ग्रामों में पहुचकर ग्रामीणों से केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा कर रहें हैं।

श्री पांडे आज 9 अप्रैल मंगलवार को अपने जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ नवरात्रि का महापर्व शुरु होने पर सुबह 8 बजे लालबाग स्थित माँ दुर्गा मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त करके करेंगे। तत्पश्चात वे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गंडई मण्डल के ग्राम ठंडार पहुंचकर जनसम्पर्क करेंगे, फिर वे ग्राम रेमड़वा, जगमढ़वा, हनईबन, मरतकठेरा, बिरनपुरकला, पेंडरवानी, बरबसपुर, सम्बलपुर, खौड़ा, कटंगी होते हुए छुईखदान मण्डल के ग्राम मुरई, कुटेलीखुर्द, उदयपुर, पद्मावतीपुर, गोपालपुर, झुरानदी, खुड़मुड़ी, लक्ष्मणपुर, बीरुटोला में जनसम्पर्क करते हुए अनेक स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

इस दौरान उनके साथ जिले के नेता व कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

व्यवसायी से 30 लाख लेकर फरार आरोपियों को हैदराबाद में किया गिरफ्तार

राजनांदगांव(दावा)। शहर के एक व्यवसायी से 30 लाख रूपए लेकर फरार हुए दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है और उन्हें हैदराबाद से गिरफ्तार कर शहर ले आया है।

बताया जाता है कि 25 मई 2023 को प्रार्थी सी वेंकटराम रेड्डी पिता सीएच नारायण रेडडी (41 वर्ष) निवासी तुलसी टावर एफसीआई गोदाम रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका नौकर सल्ला विनय जो कि इसके पास विगत 5 वर्षों से काम कर रहा था। जो कि लेबर पेमेन्ट एवं गाडी के भाड़े का पैसा 30 लाख रूपए को इसके पास रखवाकर काम से बीजापुर (बस्तर) चला गया था। वहां से वापिस आने पर पता चला कि सल्ला विनय उक्त रकम को लेकर फरार हो गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। व इसकी सूचना तत्काल जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। इस बीच कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की पता साजी की जा रही थी।

इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर कि दोनों आरोपी तेलंगाना में भेस बदल-बदल कर घूम रहे है। तत्काल कोतवाली पुलिस टीम बनाकर हैदराबाद (तेलगांना) रवाना हुई और आरोपियों में से सल्ला विनय उर्फ व्यंकटेश पिता महेश रेड्डी (31 वर्ष) निवासी सेकेण्ड जोन मंदमारी जिला मंचीरियल तेलगाना तथा पोटू सुरेन्द्र रेड्डी पिता महेश्वर रेड्डी (27 वर्ष) निवासी धरमावरभ मंडल भीमावरम (थाना) जिला मंचीरियल तेलगाना को हैदराबाद में घेराबंदी कर पकड़ा गया और उन्हें हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ किए जाने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अतः उन्हें 8 अप्रैल सोमवार को न्यायिक रिमांड में न्यायालय में पेश किए जाने उपरांत जेल की सीखचो के पीछे भेज दिया गया है।

झूलेलाल जयंती, चेटीचंड महोत्सव पर आज महिलाओं की भव्य रूप में निकलेगी स्कूटी रैली

सिंधु भवन चौखड़िया पारा से शाम को भगवान झूलेलाल की निकलेगी भव्य शोभायात्रा, झूलेलाल मंदिर लालबाग में पूजा अर्चना का बना रहेगा माहौल

राजनांदगांव (दावा)। सिंधी समाज के अवतारी पुरुष भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर आज समाज द्वारा धूमधाम के साथ चेटीचंड महोत्सव व जयंती समारोह मनाए जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जयंती समारोह अवसर पर आज 9 अप्रेल को अपराह्न 4 बजे झूलेलाल मंदिर हेमू कालाणी नगर (लालबाग) से सिंधी समाज की नारी शक्ति द्वारा शहर में भव्य स्कूटर रैली निकाली जाएगी।

रैली में महिलाएं व्हाइट सूट व केसरिया चूनरी में सजी-धजी भगवान झूलेलाल की जयकारे लगाए हुए नजर आएंगी। रैली का आगाज सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, ब्रह्मानंद बजाज, आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी आदि की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। लालबाग से निकली स्कूटर रैली का धूमधाम के साथ विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नगर भ्रमण होगा।

चेटीचंड महोत्सव की रहेगी धूम

समाज के अशर झुमनानी, अर्जुन वाधवानी, राजा माखीजा, चंदन रुचंदानी कमल गंगवानी कौशल शर्मा आदि ने बताया कि 10 अप्रैल बुधवार को चेटीचंड महोत्सव पर सुबह 10 बजे युवा विंग व समाज के युवकों द्वारा भव्य मोटर सायकल रैली निकाली जाएगी। रैली को सफल बनाने समाज के युवक जन जुटे हुए हैं। बताया गया कि बुधवार को सिंधु भवन झूलेलाल नगर चौखड़िया पारा में सुबह 11 बजे पूजा-पाठ साहिबा का आरंभ डॉ. के एस कजवानी, घनश्याम सिंह वाधवानी सहित भजन मंडली के भजनों की धारा बहेगी। साहिबा समाप्ति के पश्चात आम लंगर का आयोजन किया गया है। इसके बाद हेमु कालानी नगर लालबाग समीप स्थित बूढ़ातालाब के झूलेलाल घाट में रात्रि 7 बजे भव्य गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त समग्र कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के वरिष्ठ जनों सहित हरीश मोटलानी, भोजराज बजाज, पवन गणशानी, मुकेश आहूजा, दौलत रामचंदानी, सुनील उभेरानी, अमर ललवानी, रवि बोधानी, अखिल अंदानी, पवन जेठानी, सुनील लेखवानी, नवीन माखीजा सहित अन्य जन जुटे हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com